सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि $\frac{\text{29 माघ, 1947 (शo)}}{\text{18 फरवरी, 2026 (ईo)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 247

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 100 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 36 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 63 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 18 |
| (6) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 12 |
| (7) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 09 |
| (9) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (10) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 247 |

सड़क का पक्कीकरण

''क''-*614. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, करबलाहाट मुसहरी टोला के आगे माईनर नहर तक सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से पक्कीकरण कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का विस्तार करना

*1313. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलों के प्रसिद्ध उच्चैत भगवती मंदिर से सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के महिषी प्रखंड के तारा स्थान तक सड़क का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के संत बाबा कारू स्थान मंदिर भी एक पर्यटक स्थल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का विस्तार सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के संत बाबा कारू स्थान मंदिर तक करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा देना

*1314. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत लक्ष्मीपुर प्रखंड के अनुसूचित जाति आबादी वाले डाकिया, सलौन, छपरघुटटु, बेला, खिरिया, बदरौड, महुआटाड़ रंगीनिया, बलजारा आदि गाँवों के सैकड़ों एकड़ खेतों में पटवन (पानी) की सुविधा नहीं रहने के कारण किसानों को सही मात्रा में उपज नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के समीप से ही जमुई जिलान्तर्गत कुकुरझप जलाशय का मुख्य केनाल गुजरता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुकुरझप जलाशय के मुख्य केनाल के 41 नम्बर चेन से नहर बनाकर/पाइप लाइन बिछाकर उक्त ग्रामों के किसानों के खेतों तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 11 फरवरी, 2026 को सदन द्वारा स्थगित ।

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*1315. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा मेंटेनेंस पॉलिसी के तहत सड़क के निर्माण के पाँच वर्ष तक संवेदक द्वारा मेंटेनेंस करने का प्रावधान दे रखा है, परन्तु दरभंगा जिला के बेनीपुर विधान सभा में 2020-25 में अधिकांश सड़कों का संवेदक द्वारा मेंटनेंस कार्य नहीं किया गया है। उदाहरण के रूप में मधुबन से राजवाड़ा तक, धेरूख से नंदापट्टी तक और पोहद्दी दुर्गा मंदिर से डाक बाबू के घर होते हुये ग्राम-धेरूख से अन्टौर तक का सड़क का रख-रखाव में रहने के बावजूद चलने लायक नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार विभाग द्वारा सड़क में रख-रखाव नहीं करने वाले संवेदक तथा पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़कों का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*1316. श्री उमेश सिंह कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना (GTSNY) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से 249 तक के आबादी वाले बसावटों एवं टोलों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़कर सम्पर्कता प्रदान करना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत जंदाहा एवं महनार प्रखंडों में अनेक बसावटे/टोले सम्पर्कता से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के बसावटें को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़कर सम्पर्कता प्रदान कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*1317. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड के ग्राम-चडुई में दुर्गावती नहर पर पुलिया नहीं होने से उक्त क्षेत्र के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार दुर्गावती नहर पर कबतक पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पैतृक स्थान

*1318. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के बाहर दूसरे प्रदेशों में श्रमिकों की मृत्यु जब किसी भी प्रकार के दुर्घटना से होती है तब सरकारी खर्च पर उनके शव को उनके पैतृक स्थान तक पहुँचाने का प्रावधान है जब की विभिन्न प्रदेशों में जब किसी श्रमिक की मृत्यु प्राकृतिक कारणों एवं दुर्घटना से होती है ऐसी स्थिति में उनके शव को उनके पैतृक स्थान तक पहुँचाने की जिम्मेवारी सरकार नहीं उठाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कारणों से जिन श्रमिक की मृत्यु होती है उनके शव को भी सरकारी खर्च पर उनके पैतृक स्थान तक पहुँचाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--राज्य के बाहर अथवा विदेश में कार्य करने वाले असंगठित क्षेत्र के प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना के फलस्वरूप मृत्यु की दशा में पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुँचाने पर हुए व्यय का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है ।

स्वाभाविक मृत्यु की दशा में मृत प्रवासी श्रमिकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास तक पहुँचाने का कोई प्रावधान विभाग स्तर पर नहीं है ।

गोलम्बर निर्माण

*1319. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया-पूर्णियाँ फोरलेन सड़क परियोजना के अन्तर्गत कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड स्थित गेड़ाबाड़ी बाजार चौक पर फ्लाई ओवर निर्माण की स्वीकृति दी गई है जबकि उक्त क्षेत्र की भूमि दलदली/कमजोर प्रकृति की होने के कारण पूर्व में वहाँ गोलम्बर (राउण्ड अबाउट) निर्माण प्रस्तावित था, यदि हाँ, तो सरकार उक्त परियोजना के अन्तर्गत कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड स्थित गेड़ाबाड़ी बाजार चौक पर गोलम्बर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1320. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कार्य प्रमण्डल, बिहारशरीफ, नालन्दा का कार्य गोपालगंज 84/428 बिहार के संवेदक को टेंडर आई0डी0 2025 आर0डब्लू0डी0 143364 आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संवेदक द्वारा पूर्व में प्राप्त बीड आई0डी0 624821 (वित्तीय वर्ष 2021-22) एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 कार्य प्रमण्डल, मधेपुरा का टेंडर में संलग्न कागजात सही नहीं थे ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त संवेदक द्वारा कार्य प्रमण्डल, मधेपुरा में मुख्यमंत्री सेतु योजना के टेंडर आई0डी0 140554 के निविदा में जाली प्रमाण-पत्र दिया गया, फलतः विभाग द्वारा संवेदक को काली सूची में दिनांक 30 अगस्त, 2025 के पेपर में प्रकाशित कराया गया था ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त संवेदक को टेंडर आई0डी0 2025 आर0डब्लू0डी0 143364 कार्य प्रमण्डल, बिहारशरीफ, नालन्दा का कार्य आवंटन करने का क्या औचित्य है ?

--------

सिंचाई परियोजना की स्वीकृति

*1321. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड में मुहाने नदी पर प्रस्तावित बरंडी वीयर सिंचाई परियोजना के स्वीकृति की दिशा में अबतक कार्य नहीं किया गया है जबकि मैंने सदन को 2013 से इस विषयक अवगत करा रही हूँ, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सुखाड़ग्रस्त क्षेत्र बाराचट्टी के बरंडी वीयर सिंचाई योजना की कबतक स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधक कार्य

*1322. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड के दहिया पंचायत के गौसगंज गाँव में लुआई नदी के किनारे स्थित कब्रिस्तान, जरखा पंचायत में पुनपुन नदी किनारे समदा गाँव तथा चिक्सी पंचायत में पुनपुन नदी किनारे स्थित चिक्सी नटटोला और देवरिया गाँव और दुल्हिन बाजार प्रखंड के डुमरी गाँव में स्कूल के पास पुनपुन नदी से बाढ़ एवं बरसात में तेजी से भूमि का कटाव हो रहा है जिससे ग्रामीणों की जान-माल का नुकसान होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क बनाना

*1323. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड में एन0एच0 81 से एन0एच0 31 तक होते हुये पंचायत भवन बासगाढ़ा तक जाने वाली सड़क जिसकी लम्बाई लगभग 1.5 किलो मीटर है जो जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1324. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के प्रखंड सिधाव का ब्लॉक एवं अंचल कार्यालय का कार्य प्रखंड बगहा-2 में संचालन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के लिए सरकारी भूमि एवं राशि आवंटन होने के बावजूद भी अंचल कार्यालय का भवन निर्माणाधीन है, जिससे ग्रामीणों को प्रखंड एवं अंचल के कार्य हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है तथा प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को कार्य में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड का भवन निर्माण कार्य शीघ्र कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1325. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ब्रहमपुर प्रखंड के पंचायत रघुनाथपुर में सरकारी भवन के बगल में पुल नहीं होने से ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर नारा में पुल कबतक बनाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंडरपास बनाना

*1326. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखंड के एन0 एच0-19 (जी0 टी0 रोड) में डहला गाँव के पास चैनपुर से ककरौत तक अंडर पास नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर अंडरपास बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि एन0एच0-19 (जी0 टी0 रोड) का निर्माण एवं संधारण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। प्रश्नगत स्थल ग्राम-डहला, वाराणसी-औरंगाबाद खंड के एन0 एच0-19 के दुर्गावती नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। वर्तमान में उक्त खंड के 6 लेन परियोजना का निर्माण कार्य DBFOT (Toll) Mode पर प्रगति पर है।

एकरारनामा के अनुसार एन0 एच0-19 के कि0मी0 854+700 पर दुर्गावती नदी पर एक अतिरिक्त पुल का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त दुर्गावती नदी के पश्चिमी भाग में लगभग 900 मीटर की दूरी के अन्दर 03 पुल का निर्माण कार्य पूर्ण है।

ग्राम-डहला/दुर्गावती नदी के पूर्वी भाग लगभग 200 मीटर की दूरी के अन्दर 02 अंडरपास उपलब्ध हैं। यह खंड वर्तमान में चार लेन मानक का है।

वर्तमान में उक्त स्थल पर यातायात का आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। अतिरिक्त अंडरपास निर्माण के मांग के संबंध में परियोजना के स्वतंत्र अभियंता (Independent Engineer) को तकनीकी अध्ययन हेतु निर्देशित किया गया है। प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

पथ का चौड़ीकरण

*1327. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, मढ़ौरा (सारण) के पानापुर थाना SH-104 से प्रखण्ड मुख्यालय पानापुर होते हुये सतजोड़ा मुख्य पथ एवं SH-104 तुर्की (पानापुर) से राजकीय बुनियादी विद्यालय मोरिया, कोंण भगवानपुर उच्च विद्यालय, तिनमुहानी होते हुए पर्यटन स्थल मथुरा धाम नारायणी नदी तक पथ का चौड़ीकरण नहीं होने से आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का कबतक चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अंडरपास का निर्माण

*1328. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनिगाछी रेलवे स्टेशन पर अंडरपास नहीं रहने के कारण राजे गोठ पंचायत आने-जाने में लोगों को कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार लोगों के आवागमन हेतु मनीगाछी रेलवे स्टेशन पर अंडरपास का निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1329. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत हरसिद्धि प्रखंड और तुरकौलिया प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क में जयसिंहपुर गोखुला में अंग्रेजों द्वारा निर्मित लोहई पुल जर्जर हैं, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है साथ ही उक्त प्रखण्ड के आठ पंचायतों को जोड़ने वाली लोहई पुल पर कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पुल का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1330. श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल (क्षेत्र संख्या-153 गोपालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत जहान्वी चौक से करारी तिनटंगा सड़क बाँध के ऊपर उक्त सड़क कच्ची होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है तथा बाढ़ के समय संघर्षात्मक (Flood Fighting) कार्य कराने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध के ऊपर सड़क का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1331. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनोहरपुर पंचायत के वाणीपुर वार्ड संख्या-03 में तेतर मण्डल के घर से बघवा पुल तक पक्की सड़क नहीं रहने के कारण अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के 1000 से भी अधिक आबादी को पक्की सड़क की सम्पर्कता प्राप्त नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पक्की सड़क को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण

*1332. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत पंचायत श्रीरामपुर के ग्राम-स्टेट शेरपुर एवं इमामगंज डुमरिया हाइवे के बीच मोरहर नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में ग्राम-शेरपुर, गजुडिह, थामनविघा, वर्मा, श्रीरामपुर, बेलडी, भुजौल, झौर, सलैया समेत दर्जनों गाँव के ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गयाजी जिला अंतर्गत शेरघाटी प्रखंड के श्रीरामपुर पंचायत स्थित शेरपुर से इमामगंज, डुमरिया स्टेट हाइवे को जोड़ने वाली मोरहर नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1333. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ प्रखण्ड के राणा बिगहा पंचायत स्थित बिल्लौर ग्राम का बख्तियारपुर-मोकामा फोर लेन सड़क तक सम्पर्क पथ नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बाढ़ प्रखण्ड के बिल्लौर ग्राम को फोर लेन सड़क से जोड़ने हेतु ग्रामीण पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1334. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कुढ़नी प्रखंड के बलिया चौक से रेलवे स्टेशन होते हुए केशोपुर तक सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण यातायात में लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, बलिया चौक से रामचन्द्रा भाया कुढ़नी रेलवे स्टेशन तक की लम्बाई 7.25 कि0 मी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है, पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

पईन का पक्कीकरण

*1335. डॉ० कुमार पुष्पंजय (क्षेत्र संख्या-170 बरबीघा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अंतर्गत पौरा से मौरा तक सकरी नदी से निकले पईन के कच्ची होने से पानी का स्तर नीचे रह जाता है जिससे किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिये पानी नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर सकरी नदी से निकले कच्ची पईन का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध का निर्माण

*1336. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास एवं नोहट्टा प्रखंड में सोन नदी के तट पर निरंतर हो रहे कटाव के कारण कृषि भूमि, आवास एवं जनसंपत्ति को भारी क्षति हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी तट कि सौंदर्यीकरण (रिवरफ्रंट/घाट विकास/पर्यटन विकास) नहीं होने से इस क्षेत्र में पर्यटन का विकास नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में सोन नदी के तट पर निरंतर हो रहे कटाव को रोकने के लिये तटबंध निर्माण एवं नदी तट के सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*1337. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड के गाछपाड़ा पंचायत के बागमोहर और लोहाडांगा गाँव को जोड़ने वाली रमजान नदी पर पुल नहीं रहने के कारण गाँव वालों को बहुत दूरी तय करके आगे अपने गंतव्य को जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

'ख'-*1338. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के मीरगंज से सीवान के डुमरा सेंटर होते हुये गोपालगंज जिले के सतरघाट तक 60 KM लम्बी सड़क निर्माण कराने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पथांश में गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर प्रखंड के बनौरा से पकहा तक सड़क निर्माण कराया जा चुका है जबकि इस पथ के अधिकांश भाग में निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा नहीं दी गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मीरगंज-सतरघाट का यह प्रस्तावित सड़क NH 531, SH 90, रामजानकी पथ एवं NH 331 को जोड़ता है जिसपर लाखों की संख्या में प्रतिदिन यात्री यात्रा करते हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'ख'- पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 896, दिनांक 3 फरवरी, 2026 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानांतरित ।

बाढ़ से राहत दिलाना

*1339. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के पंचायत बहरामपुर के जेठुली घाट, जहांगीरपुर के परोहा, चकसिंगार के रामपुर, लंका टोला, जफराबाद, के जफरबाद, करमोपुर सहित अनेक स्थलों पर प्रतिवर्ष बाढ़ से होने वाले कटावों से रक्षा हेतु कई योजनाएँ बनायी गयी परंतु इसका कार्यान्वयन विभिन्न कारणों से वर्षों तक लंबित रखा जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राघोपुर प्रखंड के लोगों को बाढ़ तथा कटाव से राहत देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सड़क का निर्माण

*1340. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि- पटना जिलान्तर्गत फुलवारी अंचल में बसंत चौक से एम्स जाने वाली सड़क में श्री शिवराय के घर से उत्तर श्रीमती राधे देवी के घर तक खाता सं०-356, 357, 358 एवं 359 मौजा का सिमांकन हेतु अंचलाधिकारी फुलवारी को कार्यपालक अभियंता कर प्रमंडल दानापुर द्वारा पत्रांक 311, दिनांक 9 फरवरी, 2024 लिखा गया है लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, जिसके कारण उक्त मौजा में सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त खाता एवं मौजा का सीमांकन कर सड़क का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

जल-जमाव से निजात

*1341. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखंड के हरदिया चंवर में जल-जमाव के कारण पंचायत-बजाहिया मगरपाल, दरिहारा, मनपुरा आदि के सैकड़ों एकड़ फसल प्रभावित हो रहे है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जल-जमाव से कबतक निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

शवदाह गृह का निर्माण

*1342. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा एवं किशनगंज प्रखंड में शवदाह गृह नहीं है, जबकि सरकारी भूमि उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शवदाह गृह नहीं रहने के कारण हिन्दु वर्ग के लोगों को शव की अंत्येष्टी कार्य करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में शवदाह गृह निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1343. श्री संजय कुमार (क्षेत्र संख्या-183 कुम्हरार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के कंकड़बाग के टेम्पू स्टैंड-द्वारिका कॉलेज-रामदेव मंदिर-रामलखन पथ होते हुये न्यू बाईपास तक जाने वाली सड़क पिछले दो वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चालू कराना

*1344. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सिंघवाड़ा अंतर्गत किसानों के फसल के सिंचाई हेतु स्थित कुशुमपट्टी उद्वह योजना, सिरहुल्ली उद्वह योजना, टेक्टार उद्वह योजना एवं अन्य योजना का अनुरक्षण एवं मरम्मती कई वर्षों से नहीं होने के कारण बंद है, जिससे किसानों को फसल की सिंचाई हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर बंद पड़े उद्वह सिंचाई योजना की मरम्मती कर पुनः चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधान सभा क्षेत्र के सिंघवाड़ा प्रखंडान्तर्गत कुल 05 उद्वह सिंचाई योजनाओं में 02 योजना-टेक्टार उद्वह सिंचाई योजना तथा पैरा उद्वह सिंचाई योजना चालू है तथा किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है शेष 03 अदद् योजनाओं में 02 योजना कुशुमपट्टी सिंचाई योजना तथा सिरहुल्ली उद्वह सिंचाई योजना वर्तमान में बंद है । जिसकी मरम्मती का कार्य प्रगति पर है एवं इसे शीघ्र चालू करा लिया जायेगा । इसके अतिरिक्त निस्ता उद्वह सिंचाई योजना तालाब पर अवस्थित है तथा वह अभी संयुक्त दोष से बंद है । पोखर में जल संचयन मात्र वर्षा के पानी से होता है । इस पोखर में मत्स्य पालन किया जाता है तथा इसके कारण पोखर में पानी निकासी पर मछुआ समिति के द्वारा विरोध किया जाता है ।

अतः इस योजना का जीर्णोद्धार कराना संभव नहीं है ।

-------------

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*1345. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड-वारिसलीगंज स्थित सकरी नदी में पैंगरी के निकट चेक डैम नहीं होने से ग्राम-पैंगरी, गोड़ापर, बेल्दरिया, मुर्गियाचक, मननचक, गोपालपुर, बेल्दरिया, गोनुविगहा, बरनामा, टिकविगहा, रामपुर, सहित नालन्दा जिला के ग्राम-राजपुर, कटौना, लौहराजपुर, महिये, परमानन्दपुर, गोरेयाबिगहा, सैदी, भैदी, इत्यादि ग्रामों के हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सकरी नदी में ग्राम-पैंगरी के निकट चेक डैम निर्माण करवाने हेतु वर्ष-2018 में जल संसाधन विभाग, कार्य प्रमंडल बिहारशरीफ नालन्दा द्वारा डी०पी०आर० का निर्माण किया गया है, परन्तु आजतक इस योजना की स्वीकृति लम्बित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सकरी नदी में ग्राम-पैंगरी के निकट चेक डैम निर्माण करवाकर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का पुनःनिर्माण

*1346. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के पारू विधान सभा क्षेत्र की जीवन दायिनी बायां नदी पर स्थित जगदीशपुर बायां पंचायत से बाजितपुर पंचायत को जोड़ने वाला पुल एवं रामपुर केशों उर्फ मलाही पंचायत से रघुनाथपुर पंचायत को जोड़ने वाला लोहे के पुल अत्यंत जर्जर होने के कारण आम-जनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर लोहे के पुलों के स्थान पर नये एवं स्थायी आर०सी०सी० (RCC) पुलों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ से सुरक्षा हेतु

*1347. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड चनपटिया के पंचायत उत्तरी घोंघा के ग्राम-गहवा टोला एवं नावका टोला के समीप नदी में बाढ़ आने के कारण सैकड़ों घर बाढ़ में विलय हो जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थान को बाढ़ से सुरक्षा हेतु बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

'ग'-*1348. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत जहानाबाद विधान सभा के पंचायत नौआवां ग्राम-नौआवां मिडिल स्कूल टावर पर से ब्रह्म स्थान आंगनबाड़ी केंद्र तक सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1349. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के हरनौत प्रखंड अंतर्गत हरनौत जलगोविन्द पथ से मिल्की पथ की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2019 में नाबार्ड योजना से मिली थी, किन्तु पथ का एलायमेंट में त्रुटि रहने के कारण निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल हरनौत के पत्रांक 1519, दिनांक 5 दिसम्बर, 2025 एवं पत्रांक 1648 अनु0, दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 के द्वारा अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल नालंदा को भेजा गया है परंतु उक्त पथ के पुनरीक्षित प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ से मिल्की पथ का पुनरीक्षित प्राक्कलन का प्रशासनिक स्वीकृति एवं पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का पक्कीकरण

*1350. श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा में स्थित एकवारी नहर काफी जर्जर, तटबंध टूटे हुए और नहर में सिल्ट जमा हुआ है जिसके कारण किसानों के खेतों में नहर का पानी नहीं पहुँच पाता है जिससे किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ग'-पंचायती राज विभाग के ज्ञापांक 1886, दिनांक 6 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्था0।

सड़क का पक्कीकरण

*1351. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत 10 नंबर रोड से रामविलास पासवान के घर होते हुये लाली टोला मुसहरी की सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से पक्कीकरण कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावनिरोधक कार्य कराना

*1352. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड अंतर्गत रूपनी पंचायत के ग्राम-नन्हकार, वार्ड सं० 14 गंडक नदी के तट पर बसा हुआ 300 घरों वाला गाँव है, जिसकी आबादी 1400 से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गंडक नदी में हो रहे लगातार कटाव के कारण उक्त ग्राम का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक नदी कटाव की रोकथाम हेतु कटाव-रोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी की सफाई हेतु

*1353. श्री नागेन्द्र चन्द्रवंशी (क्षेत्र संख्या-211 नोखा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 211 नोखा विधान सभा के अंतर्गत राजपुर प्रखंड के सुअरू, विशुनपुर, कर्म किला एवं अन्य जगह के गाँवों के समीप काव नदी में गाद भर जाने के चलते पानी का निकास नहीं हो पाता है जिसके कारण किसानों का खेत जलमग्न हो जाता है, साथ ही किसान अपना खेती नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में भरे गाद की सफाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1354. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत बेलदौर प्रखंड के ग्राम पंचायत कैंजरी में काली कोसी नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त पंचायत के आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1355. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के गोपालपुर गाँव एवं चतुरपुर पंचायत के कपुरचक गाँव के बीच नहर पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण दोनों गाँव के ग्रामीणों को आवागमन की समस्या बनी रहती है, साथ ही मुख्य सड़क NH-19 से होकर करीब 4 कि0मी0 से ज्यादा पैदल चलना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों गाँव के दूरी को कम करने के लिए लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी के समीप से कपुरचक गाँव के सामने पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विवाह भवन का निर्माण

*1356. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी पंचायतों में विवाह भवन निर्माण की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया विधान सभा क्षेत्र के किसी भी पंचायत में अभी तक सम्राट अशोक विवाह भवन का निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लौरिया विधान सभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में अंचल स्तर से जमीन उपलब्धता की कमी को दूरकर सम्राट अशोक विवाह भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1357. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के किरतपुर प्रखंड के रसियारी पौनी पंचायत के रसियारी गाँव में गेहुंआ नदी पर पुल नहीं होने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत इसका चयन कर सर्वे का कार्य कर लिये जाने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में गेहुंआ नदी की धारा पर उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पुल का निर्माण

*1358. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बलवा से गुजरने वाली धौंस नदी पर पुल नहीं होने के कारण उक्त नदी के दोनों छोर पर बसे अकहा (पूर्वी) टोला तथा पिहवाड़ा कुशवाहा (कोयरी) टोला के लोगों को आवागमन के लिए लगभग 10 कि0मी0 घूमकर जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर सम्पर्क पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1359. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बाँसबाड़ी पंचायत अंतर्गत हड़िया नदी पुल से कब्रिस्तान तक सड़क का निर्माण नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1360. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला प्रखंड के खेरिया घाट से गौबराही-दौरा के बीच गंगा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जबकि विभाग की सड़क खेरिया घाट तक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मुआवजा देना

'घ'-*1361. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के दामोदरपुर पंचायत में वर्ष 2025 के बाढ़ में गंगा नदी के कटाव से जवईनिया गाँव गंगा नदी में विलीन हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के कुछ गृह विहीन लोग मुआवजा से वंचित रह गए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के बाढ़ के कटाव से प्रभावित मुआवजा से वंचित गृह विहीन लोगों को चिन्हित कर मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1362. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अम्हारा पंचायत में स्थित पुल लगभग 20 वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण किसानों एवं ग्रामीणों को खेतों तक पहुँचने, कृषि उपज बाजार तक ले जाने तथा दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के पुनर्निर्माण हेतु योजना स्वीकृत कराते हुए पुल का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'घ'- जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 802, दिनांक 10 फरवरी, 2026 द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग में स्थानान्तरित ।

तटबंध की पीचिंग

*1363. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दनियावां प्रखंड के बाकीपुर मछरियावां पंचायत के ग्राम-किसमिरिया, सिमरियावां पंचायत के ग्राम-चकरजा एवं काजी बिगहा, सलारपुर पंचायत के ग्राम-सलारपुर में महतमाइन (लोकाइन) नदी पर बना तटबंध पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार तटबंध को बोल्डर पीचींग कराकर उक्त सभी गाँव को सुरक्षित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1364. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत साखमोहन, वार्ड नं० 16, दास टोला से राम टोल भवन्दा होते हुए पंचायत देसरी कर्रक के वार्ड नं० 12, सहनी टोला तक एवं वार्ड संख्या 17, कुशो रजक के घर से पंचायत देसरी कर्रक के सदा टोल तक सड़क जर्जर है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित दोनों सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नदी का उड़ाही कराना

*1365. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत जहानाबाद सदर प्रखंड में मोरहर नदी में अतिक्रमण के कारण जल प्रवाह बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराकर उड़ाही का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटावरोधी कार्य करना

*1366. श्री अरूण माँझी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ० जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मसौढ़ी प्रखंड के ग्राम-कराय, दुधीचक एवं देवरिया में पुनपुन नदी से प्रत्येक वर्ष कटाव हो रही है, जिससे उक्त गाँव के सैकड़ों परिवार प्रत्येक वर्ष विस्थापित होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव को विस्थापन से बचाने हेतु कबतक पुनपुन नदी किनारे कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का अधिग्रहण

*1367. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत NH-27 रजिस्ट्री ऑफिस, शिवहर से प्रखंड कार्यालय सुगिया कटसरी परदेशिया होते हुये चंपारण सीमान तक लगभग 9 कि०मी० आर० ई० ओ० सड़क है जो एक जिला से दूसरे जिला को जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित कर पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य पूर्ण करना

*1368. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में रेलवे ब्रिज संख्या 152 (भोलानाथ पुल) पर निर्मित आर०ओ०बी० के पूर्व ईशाकचक एवं पश्चिम डिक्शन रोड की ओर समुचित पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण आम नागरिकों एवं एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा लोगों को पुल के नीचे नाले के गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा, स्वास्थ्य संकट एवं गंभीर यातायात अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त आर०ओ०बी० के दोनों ओर पहुँच पथ निर्माण हेतु प्राप्त डीपीआर/प्राक्कलन/तकनीकी स्वीकृति की जाँच करते हुए कबतक निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिलान्तर्गत रेलवे ब्रिज सं० 152 (भोलानाथ पुल) पर पहुँच पथ सहित आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य प्रगति पर है। विषयगत मामला आर०ओ०बी० में पूर्व ईशाकचक एवं पश्चिम डिक्शन रोड की ओर अतिरिक्त Leg देने से संबंधित है। उक्त से संबंधित प्रारंभिक जाँच प्रतिवेदन तैयार कर लिया गया है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

------------

कटावरोधक कार्य कराना

*1369. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत सुगौली प्रखंड के पंचायत सुकुल पाकड में लालपरसा धुमनी टोला ग्राम के सामने बुढ़ी गंडक नदी के दायां तटबंध का कटाव हो रहा है, इसके ठीक सामने नदी के दायां तटबंध का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे नदी की धारा बदलने से गंभीर संकट उत्पन्न हो गयी है और हजारों परिवार विस्थापन को मजबूत हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित लालपरसा धुमनी टोला ग्राम के सामने बुढ़ी गंडक नदी में हो रहे कटाव को रोकने के लिए कबतक कटाव सुरक्षात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*1370. श्री भरत बिन्द (क्षेत्र संख्या-205 भभुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड के अन्तर्गत कुंज गाँव के बाजार में तथा रामपुर प्रखंड अन्तर्गत पाण्डेपुर गाँव में मेन रोड (बेलाव से सवार रोड) तक नाला निर्माण नहीं होने के कारण जल-जमाव होता है तथा आवागमन बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त जगहों पर कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव रोधक कार्य कराना

*1371. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड के सोहगरा घाट के गुठनी, दरौली, आंदर एवं सिसवन तक गंडक सरयू नदी का कटाव विगत कई वर्षों से हो रहा है, जिसके कारण प्रतिवर्ष सोनहुला, धरमपुर, तीरबलुआ, ग्यासपुर लगभग 50 गांवों का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के कटाव को रोकने हेतु कबतक कटावरोध कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पीपा पुल का निर्माण

*1372. श्रीमती छोटी कुमारी (क्षेत्र संख्या-118 छपरा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर छपरा जिलान्तर्गत रिविलगंज से सिताबदियारा के बीच पीपा पुल बनाने की घोषणा की थी, जिससे छपरा की दूरी 40 कि०मी० से घटकर मात्र 15 कि०मी० रह जाएगी ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ने घोषणा के दौरान यह कहा था कि इसी साल (घोषणा वाले वर्ष में ही) पीपा पुल बनकर तैयार हो जाएगा ताकि लोग साईकिल और रिक्शा से भी छपरा आ-जा सकें ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीपा पुल का निर्माण कार्य एक निश्चित समय-सीमा (Deadline) के अन्दर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1373. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के दमदमा चौहरमल स्थान से सांगों कोठी तक (लगभग 1 कि०मी०), एस०एच० 55 हरदिया से सिकंदरपुर पोखर होते हुये चांदपुरा आर०सी०डी० सड़क तक (लगभग 2.3 कि०मी०) एवं चांदपुरा आर०सी०डी० सड़क से छतौना ब्रिज तक (लगभग 06 कि०मी०) सड़कों के निर्माण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद विभागीय शिथिलता और प्रशासनिक उदासीनता के कारण अबतक निर्माण कार्य धरातल पर प्रारंभ नहीं कराया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय स्तर पर हो रहे विलंब को दूर करते हुये उक्त सड़कों का निर्माण कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1374. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत भवानीपुर एवं रूपौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों का कार्यालय नहीं होने से काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित प्रखंड-सह-अंचल में कार्यालय हेतु भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण करना

*1375. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट से दलमापुर तथा जोकीहाट (एन०एच० 327 ई०)-पलासी-फुलवारी-फतेहपुर (इंडो-नेपाल) पथ का चौड़ीकरण-सह-सुदृढ़ीकरण नहीं किया गया है, जिससे उक्त पथों पर आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का चौड़ीकरण-सह-सुदृढ़ीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री -वस्तुस्थिति यह है कि अररिया जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल--

(i) जोकीहाट-दलमालपुर पथ की कुल लंबाई 12.30 कि०मी० है। इस पथ की वर्तमान चौड़ीकरण 3/3.50 मी० है। वर्तमान में यह पथ OPRMC के तहत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

(ii)अररिया-जोकीहाट-पलासी पथ की कुल लंबाई 18.50 कि०मी० एवं पलासी-टेढ़ागोछी पथ की कुल लंबाई 17.00 कि०मी० है। वर्तमान में यह पथ OPRMC के तहत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

(iii) धवेली से फतेहपुर (इंडो-नेपाल) पथ की कुल लंबाई 12.36 कि०मी० एवं पथ की चौड़ाई 7.00 मी० है। वर्तमान में यह पथ OPRMC के तहत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

पुल का निर्माण

*1376. श्री बाबुलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा क्षेत्र उत्तर में कोशी एवं दक्षिण में गंगा नदी से घिरा घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहाँ 80% लोग किसान एवं मजदूर हैं एवं हजारों एकड़ खेती की जमीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गंगा नदी की उपधारा सालों भर बहने के कारण सतीशनगर के सीमा से आश्रमटोला गोगरी तक के क्षेत्र में छोटे-छोटे पुल नहीं होने के कारण आवागमन एवं व्यापार में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सतीशनगर के सीमा से आश्रमटोला गोगरी तक जगह-जगह पर छोटे-छोटे पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रखण्ड बनाना

*1377. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत फुलकाहा में प्रखण्ड कार्यालय न होने से वहां से निवासियों को लगभग 45 किलो मीटर की दूरी तयकर नरपतगंज जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार फुलकाहा को कबतक प्रखण्ड का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रैंप का निर्माण

*1378. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के नगर निगम क्षेत्र के गायघाट गंगा पथ के पास जाम की समस्या हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार जाम की समस्या को दूर करने के लिए गायघाट के पास उत्तर दिशा में अलग से डाउन रैंप बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*1379. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या 213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213 काराकाट विधान सभा के प्रखण्ड संझौली में ग्राम कैथी के पूरब सड़क के किनारे एवं आहर के उस पार (दक्षिण तरफ) सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया गया है, परन्तु इस सड़क में पुलिया क्षतिग्रस्त होने एवं आहर में जल-जमाव के कारण सामुदायिक भवन का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलिया का निर्माण कराते हुए सामुदायिक भवन तक पी०सी०सी० कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

पथ का पुनर्निर्माण

*1380. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सगुनी पारसा से सिवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखंड होते हुए गोपालगंज जिला के उत्तर प्रदेश सीमा तक सारण गंडक मुख्य नहर के सेवा पथ का निर्माण 8 वर्ष पूर्व में कराया गया है, जो क्षतिग्रस्त हो गया है जिस कारण दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सेवा पथ का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध का निर्माण

*1381. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज एवं सिवान जिला में बहने वाली दाहा नदी के तल सफाई, जीर्णोद्धार एवं दोनों किनारों पर बाँध निर्माण से संबंधित 112 करोड़ का डी०पी०आर० दो वर्ष पूर्व मुख्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया था, जो आजतक लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी की सफाई एवं जीर्णोद्धार नहीं होने से बरसात के दिनों में नदी तथा नदी के तटीय क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति हो जाती है, जिससे गोपालगंज एवं सिवान जिले के 06 से अधिक प्रखंडों में व्यापक फसल क्षति होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी का तल सफाई, जीर्णोद्धार एवं दोनों किनारों पर बाँध का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

'ङ.' *1382. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी प्रखंड अंतर्गत सुलसाबाद में रामनाथ राम के दरवाजे से महेश पटेल के दरवाजे तक लगभग 1.2 कि०मी० कच्ची सड़क है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नोट— 'ङ.'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 1316, दिनांक 31 जनवरी, 2026 द्वारा पंचायती राज-विभाग में स्थानान्तरित ।

पुल बनाना

*1383. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा विधान सभा के मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क में डंडखोरा-रायपुर पंचायत, सोती-पड़रिया मार्ग पर कालीघाट में, कदवा-भर्री पंचायत, छौना-बढ़ैया, बैसा धार में, डंडखोरा, सोती-कामरू पथ पर केस्मा धार में, कदवा, परलिया हाट बैरगाछी दासग्राम से कुमारीपुर पथ पर टुनमुनिया धार में, कदवा, कोलहा-कोलहा पूरब टोला पथ पर हल्दी धार में, डंडखोरा, संथाली टोला बुधनगर पथ पर लेटा धार में, कदवा, रामपाड़ा शर्मा टोला के निकट अर्था धार में, डंडखोरा, में मखना धार (आरसीसी पुल) एवं कदवा, कुम्हरी-गेठैरा पथ के चैनेज 610 पर अबतक पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त स्थानों पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर में पानी पहुँचाना

*1384. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गंडक नदी से बाल्मीकिनगर से निकलने वाली गंडक नहर पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र होकर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कई जगह बंद हो जाने और सिल्ट जम जाने के कारण केसरिया विधान सभा क्षेत्र तक नहर में पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण सिंचाई कार्य बाधित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंडक नहर प्रणाली को दुरूस्त कर केसरिया विधान सभा क्षेत्र के खेतों तक नहर में पानी पहुंचाने की कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1385. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी, मुंगेर पुल के बाद अवस्थित मथार दियारा में निरंतर बाएँ ओर कटाव हो रहा है, जो अब गाँवों के अत्यंत नजदीक पहुँच चुका है, जिससे बरखंडी टोला, जंगली टोला, इंग्लिश टोला एवं मथार जैसे गाँव नदी में कटकर विलीन हो जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कबतक कटाव-नियंत्रण एवं तटबंध सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लिफ्ट सिंचाई हेतु

*1386. श्री ललन राम (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखंड अन्तर्गत पुनपुन नदी, होलया नदी, रामरेखा नदी, कंचन करसबार नदी एवं बुनझुनवा नदी में पानी के अभाव में हजारों हेक्टेयर भूमि की सिंचाई नहीं हो पाती है, तथा फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नदियों में कबतक सोन नदी से लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से पाइप द्वारा पानी डालकर सिंचाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1387. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र में मौली पोखर कटहारा गाँव से जयदेवपट्टी तक ग्रामीण सड़क जर्जर एवं पुल का निर्माण नहीं होने से तारडीह

एवं घनश्यामपुर प्रखंड के लगभग 15000 ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़क-सह-पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शौचालय का निर्माण

'च'*1388. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड चकाई एवं सोनो के मुख्यालय में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आजतक नहीं हो पाया है, जिससे आमजनों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों पर कबतक शौचालयों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुविधा देना

*1389. श्री पुरन लाल टुडू (क्षेत्र संख्या 162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंड में सिंचाई के अभाव में हजारों एकड़ भूमि बंजर रह जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बांका जिला में हलमुना डैम है, जिसमें पानी संग्रह रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हलमुना डैम से पाइप लाइन से पानी लाकर कटोरिया प्रखंड के हजारों एकड़ खेतों की सिंचाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का सौंदर्यीकरण

*1390. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर का जीरो माइल दरभंगा, सीतामढ़ी, शिवहर, मोतीहारी, बेतिया आदि जिला मुख्यालय तक जाने के लिए मुख्य चौक है, परंतु इसका सौंदर्यीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार मुजफ्फरपुर के जीरो माइल चौक का सौंदर्यीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत स्थल, वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार के प्रगति यात्रा के क्रम में चाँदनी चौक से बखरी पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 89.77 करोड़ (89 करोड़ 77 लाख मात्र) रुपये के लिए प्राप्त है एवं कार्य प्रगति पर है। इस योजना में चौड़ीकरण के पश्चात् प्रश्नगत पथ की चौड़ाई 2X10 मी० हो जायेगा। साथ ही पथ के मध्य में 2.5 मी० Divider एवं पथ के दोनों तरफ 2X1.5 मी० Paver Soling तथा आवश्यकतानुसार RCC नाला का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। प्रश्नगत चौक का Junction Improvement का प्रावधान उल्लेखित योजना में शामिल है। उक्त योजना के तहत ही जीरोमाईल चौक का सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

---

नोट— 'च'- पंचायती राज विभाग के ज्ञापांक 2261, दिनांक 10 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण विकास विभाग में स्थानान्तरित ।

सड़क का निर्माण कार्य

*1391. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले )--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल दरभंगा 2 के अधीन वित्तीय वर्ष 2015 16 में (MMGSY) के अंतर्गत जाले प्रखंड में PWD सहनी पासी टोल से चंद्रदीपा मोड़ टोल तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृति के आलोक में सड़क निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी तथा संबंधित संवेदक द्वारा एकरारनामा भी निष्पादित कर लिया गया था, इसके बावजूद सड़क का निर्माण कार्य आजतक अधूरा है, जबकी मुख्य अभियंता-6 द्वारा पत्रांक 396, दिनांक 10 मार्च, 2025 के माध्यम से नोडल पदाधिकारी, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से पुनरीक्षित प्राक्कलन राशि का तकनीकी अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर नए सिरे से अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ कराने, तथा कार्य में अत्यधिक विलंब एवं लापरवाही के लिये दोषी सभी संबंधित पदाधिकारियों एंव संवेदक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बाईपास सड़क का निर्माण

*1392. श्री अमित कुमार (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड शहर में घनी आबादी होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है, जिसके कारण यातायात एवं आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बेलसंड शहर को जाम से मुक्त करने हेतु चंदौली से मनहापुल तक बाईपास सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान रोकना

*1393. श्री कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120 अमनौर )--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत परसा में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य कर रही एंजेसी द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों के सहमति से निम्न गुणवत्ता वाले गिट्टी एवं सीमेंट से नींव का कार्य एवं बिना संबद्धता के बिजली का उपयोग किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एंजेसी द्वारा निर्माण कार्य निम्न गुणवत्तायुक्त करते हुए जाँच हेतु नमुने (क्युब) को जाँच में सफल साबित करने के लिए तय मानक के अनुरूप तैयार किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी राशि गबन की नियम से गलत कार्य करने वाले संवेदक द्वारा किए कार्यो का भुगतान रोकते हुए उसकी जाँच राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान, पटना से कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तालाब का जीर्णोद्धार

*1394. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखंड मुख्यालय, गोह में थाना नंबर 194, खाता नम्बर 1138, प्लॉट नं० 2691, 2692 में बड़ा पोखरा अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पोखरा के अन्दर और बाहर गंदगी जमा होने और अतिक्रमण के कारण क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब को प्रदूषण एवं अतिक्रमण मुक्त कराते हुये इसके सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) प्रश्नाधीन पोखर का निरीक्षण कराया गया है। पाया गया है कि पोखर पिंड पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद के पत्रांक 186, दिनांक 27 जनवरी, 2026 द्वारा अंचलाधिकारी, गोह से अनुरोध किया गया है। योजना के अतिक्रमण मुक्त होने के पश्चात् विहित प्रक्रिया एवं निधि उपलब्धता के आधार पर जीर्णोद्धार की कार्रवाई की जायेगी।

---

बराज का निर्माण

*1395. श्रीमती बिनिता मेहता (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के गोविन्दपुर प्रखंड स्थित सकरी नदी पर बकसोती बराज का निर्माण नहीं होने से सकरी नदी के जल का समुचित उपयोग किसानों को नहीं मिल पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सकरी नदी से नाटी नदी को नहीं जोड़ने से तीन प्रखंड (रोह, कौआकोल, पकरीबरावाँ) के किसानों को कृषि भूमि की सिंचाई सुविधा नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बकसोती बराज निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1396. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा प्रखंड के चकदरा गांव के पास सुलतानपुर वितरणी में बना पुलिया 5 वर्ष से टूटा हुआ है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वितरणी में कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1397. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के चिकनी पंचायत अन्तर्गत शेरशाहबादी टोला वार्ड नं० 4 में मो० वाजुद्दीन के घर के पास कोशी धार में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को अररिया प्रखण्ड एवं जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थान में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर का जीर्णोद्धार

'छ' *1398. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड में सुक्की नहर एवं कमला नदी के वर्तमान प्रस्तावित जीर्णोद्धार/पुनरूद्धार कार्य के कारण गोसाई टोल के बलपट्टी एवं हीरापट्टी गांव के हजारों परिवारों के सामने विस्थापन की समस्या उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गांव के लोगों को विस्थापन से रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*1399. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के पथ प्रमंडल, शेरघाटी अन्तर्गत गुरूआ से घेरकी भाया बैजूधाम तक पथ की चौड़ाई कम होने के कारण दिनभर जाम लगा रहता है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को सात निश्चय 03 में शामिल करते हुये पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि गयाजी जिला के पथ प्रमंडल, शेरघाटी अन्तर्गत गुरूआ से घेरकी भाया बैजूधाम तक पथ की कुल लम्बाई 10.825 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है। पथ के चौड़ीकरण हेतु प्राक्कलन प्राप्त है। संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

-------------

सड़क का दोहरीकरण

*1400. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नरकटियागंज प्रखण्ड अन्तर्गत नरकटियागंज से बल्थर जानेवाली सड़क संकीर्ण (सिंगल लेन) होने के कारण हमेशा जाम लगा रहता है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा बराबर सड़क दुर्घटना होती है, जिसके फलस्वरूप जान-माल की क्षति होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को सिंगल लेन से डबल लेन के रूप में कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट— 'छ' लघु जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 883, दिनांक 09 फरवरी, 2026 द्वारा जल संसाधन विभाग में स्था० ।

पुल का निर्माण

*1401. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुचायकोट के पंचायत पुरखास के सारण मुख्य नहर के बिन्दु 5 पर अबतक पुल का निर्माण नहीं होने से किसानों एवं आमजनों को आवागमन करने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1402. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के गौरीपुर पंचायत अन्तर्गत गौरीपुर गांव से सोना मोड़ तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पहुँच पथ का निर्माण

*1403. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा गयाजी जिलान्तर्गत मोहरा प्रखंड के चहल गांव एवं वजीरगंज प्रखंड महुएत गांव में उच्चस्तरीय आर०सी०सी० पुल का निर्माण हो चुका है, लेकिन दशकों बीत जाने के बाद भी दोनों ओर से पहुँच पथ (एप्रोच रोड) नहीं बना हुआ है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पहुंच पथ का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1404. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिले के सोनवर्षा विधान सभा के प्रखंड बनमा ईटहरी के पंचायत घोरदौड़ वार्ड नं०-8 में महदेवा स्थान से पुरैनी मौड़ तक सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1405. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा में पुलिस मुख्यालय का भवन बिना सड़क का निर्माण किये बनाया गया है जहां सालो भर पगडंडी रास्ते का उपयोग कर आरक्षी कर्मी एवं आम नागरिक को जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा में अवस्थित पुलिस मुख्यालय जाने के लिये मुख्य सड़क से पुलिस मुख्यालय के भवन तक सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1406. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के चिकाबाड़ी पंचायत के चुनामारी घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण कार्य कबतक शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1407. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड टनकुप्पा, ग्राम पंचायत आरोपुर में नया नगर टंडवा एम0एम0जी0एस0वाई0 पथ से फुधी तक सड़क (लम्बाई 0.350 किलो मीटर, सर्वे आई0डी0 18438) एवं प्रखंड टनकुप्पा के ग्राम पंचायत गजाधरपुर में परसावां-फेरू विगहा पथ से कैलूडीह तक सड़क (लम्बाई 1.7 किलो मीटर, सर्वे आई0डी0 18338) का निर्माण नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1408. श्री राम चन्द्र सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के सोनमंकी से झीमा सर्वजीता अमौसी मारन-डीह, सुखाशन, हन्ना तेरासी होते हुये अलौली गढ़घाट पुल तक सड़क पूर्णरूपेण क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क को पी0डब्लू0डी0 में अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*1409. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंडान्तर्गत वलुआहा गाँव में देवनारायण पंडित के घर के नजदीक विहुल खड़क नदी पर पुल नहीं है, यह पुल नहीं रहने से आमजनों को बरसात में आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर पुल कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पी0सी0सी0 कराने

*1410. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड के सिंहपुर पश्चिम पंचायत अन्तर्गत मौजमावाद ग्राम में महादेव साह के घर होते हुए राम चौधरी के घर तक कच्ची सड़क में जगह-जगह गड्ढा बना हुआ है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस सड़क को पी0सी0सी0 कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*1411. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पताही प्रखंड अन्तर्गत पताही झंडा चौक से मिर्जापुर, कोदरिया होते हुये सुगापीपर तक जाने वाली सड़क जर्जर अवस्था में एकल पथ है, जो पकड़ीदयाल अनुमंडल एवं शिवहर जिला मुख्यालय को जोड़ती है, जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है, यह सड़क संकीर्ण होने के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार पताही झंडा चौक से मिर्जापुर, कोदरिया होते हुये सुगापीपर तक मार्ग की लगभग 8.1 किलो मीटर लम्बी सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1412. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के ग्राम पंचायत हरीकोल का ग्राम-इमाम नगर में सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण नहीं होने से मुहल्ले में पानी की निकासी नहीं हो पाती है और सड़क पर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, जिससे वहाँ के बाशिंदों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को स्कूल/कॉलेज जाने के दौरान काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

श्मशान स्थानों पर घेराबंदी

*1413. डॉ0 प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड स्थित ग्राम-देवकुली एवं ग्राम-शंकर के श्मशान स्थान में ग्रामीणों द्वारा दाह-संस्कार कराया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित ग्राम के श्मशान स्थानों पर घेराबंदी नहीं रहने के कारण आवारा पशुओं एवं असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित स्थानों पर श्मशान स्थान की घेराबंदी कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रखंड का गठन

*1414. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि इस्लामपुर प्रखंड की वर्तमान जनसंख्या लगभग 275000 है और इसकी प्रशासनिक आवश्यकताओं की पूर्ति केवल एक ही प्रखंड कार्यालय द्वारा की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान प्रखंड कार्यालय प्रखंड के उत्तर-पश्चिमी कोने में स्थित होने के कारण दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों को भूमि अभिलेख, राजस्व संबंधी कार्य एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए लगभग 25 किलो मीटर तक की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें कठिनाइयों और विलम्ब का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस्लामपुर प्रखंड को विभाजित कर उसे तीन प्रशासनिक इकाइयों में पुनर्गठित करने और खुदागंज एवं जैतीपुर में दो नए प्रखंडों के गठन पर विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

डैम का निर्माण

''ज''-*1415. श्रीमती स्नेहलता (क्षेत्र संख्या-208 -सासाराम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम (तिलौथू) स्थित माँ तुतला भवानी जलप्रपात के पास डैम या जलाशय नहीं होने के कारण जलप्रपात से गिरने वाला जल बिना किसी संचयन के व्यर्थ बह जाता है, जिससे इस जल का उपयोग कृषि और पटवन हेतु नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस जलप्रपात के समीप एक डैम या जलाशय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क सहित नाला का निर्माण

*1416. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के लदनियाँ प्रखंड के पिपराही गाँव में एन0एच0 227 से सटे हरि झा के घर से अशोक सेन के घर होते हुए मूलकाति गंगाई चौधरी के घर तक करीब 1.25 किलो मीटर सड़क जर्जर स्थिति में है एवं नाला का निर्माण नहीं होने से बरसात के समय जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध-सह-सड़क का निर्माण

*1417. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड फुलवारी के पंचायत मैनपुरअंदा के ग्राम-बावूचक से ग्राम-मंझौली तक एक चौड़ा आहर है जिसकी उड़ाही पाँच वर्षों से नहीं होने के कारण बावूचक, महमदपुर, कोरजी, अंदा, पकौली, मंझौली, खड़कचक, चकमूसा, कोरजीचक, सिमरा ग्राम का कृषि एवं सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आहर की चौड़ाई ज्यादा होने के कारण उक्त ग्रामों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आहर का उड़ाही कराते हुये आहर पर एक बाँध बनाकर सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*1418. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिले के शम्भुगंज प्रखंड में बरूआ नदी पर निर्मित बांध के जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से अपना घर बना लिया है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त बांध को कबतक अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ज'-जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 799, दिनांक 10 फरवरी, 2026 द्वारा लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित ।

सड़क का निर्माण

*1419. श्री वैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में भवदेपुर रेलवे फाटक से अम्बेदकर चौक होते हुए रमनगरा गांव शंकर चौक एन0 एच0-77 में मिलनेवाली ग्रामीण सड़क जर्जर स्थिति में है, यह सड़क सीतामढ़ी शहर से सोनबरसा, बथनाहा, परिहार आदि प्रखण्डों को जोड़नेवाली एक महत्वपूर्ण पथ है, यदि हाँ, तो सरकार भवदेवपुर गुमटी से अम्बेदकर चौक होते हुए रमनगरा एन0 एच0-77 तक सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिथिगृह का निर्माण

*1420. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिकन्दरा प्रखंड में लोक निर्माण विभाग का अतिथिगृह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, उक्त विभाग का काफी जमीन परती है, जिसमें झाड़-जंगल उग रहा है, जिसके कारण आगत अतिथियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त परती जमीन पर अतिथिगृह का निर्माण कराने के साथ-साथ कैम्पस का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कैनाल की उड़ाही एवं पूर्ण संचालन

*1421. मो0 फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत ढाका सिंचाई प्रमंडल, गुआबारी से निकलने वाली सिरहा कैनाल, पताही कैनाल एवं हरनरैना कैनाल तथा उनसे निकलने वाली उप-वितरणी कैनालों पर स्थित अधिकांश पुराने पुल ध्वस्त हो चुके हैं, जिसके कारण किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि त्रिवेणी कैनाल से निकलने वाली JBC कैनाल, जो ढाका विधान सभा क्षेत्र को जोड़ती है, उसके निर्माण हेतु किसानों की भूमि अधिग्रहित कर ली गई है, परंतु आज तक उससे एक बूंद पानी उपलब्ध नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार JBC कैनाल के साथ-साथ सभी कैनालों की उड़ाही एवं पूर्ण संचालन हेतु कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1422. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखंड अन्तर्गत ढाका पी0 डब्ल्यू0 डी0 रोड इंडियन पेट्रोल पंप के सामने से बड़ा टोला भुवन मालती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय तक जानेवाली मुख्य सड़क एवं मोतिहारी प्रखण्ड के पश्चिमी ढेंकहां अंतर्गत ढेंकहां बाजार से नहर वाली पथ से मिश्र टोला होते हुए बाला टोला प्रधानमंत्री पथ जोड़नेवाला मुख्य मार्ग काफी जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

योजना प्रारंभ कराना

*1423. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत प्रस्तावित डेढ़ुआ पम्प नहर योजना का निर्माण नहीं होने से संदेश, कोईलवर एवं अगिआँव प्रखण्ड के लगभग 12,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा कोईलवर वितरणी के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुँचता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना का लगभग 100 करोड़ रुपये का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (डी0 पी0 आर0) विभाग द्वारा तैयार किया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डेढ़ुआ पम्प नहर योजना का निर्माण कार्य कबतक प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1424. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड के पैमार सिंचाई योजना के पैमार नहर पर मौलाना चक ग्राम के समीप पुल निर्माण के लिए निविदा, वर्ष 2025-26 में निष्पादित किए जाने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी संवेदक सहित निर्माण कार्य में विलम्ब करने वाले पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधक कार्य कराना

*1425. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पंचायत पचरूखा पूर्वी एवं मध्य के ग्राम-सुन्दरपुर, खैरी, जटवा (जनेरवा), करमवा बाजार एवं सिसवनिया में सिकरहना नदी से तीव्र कटाव के चलते आमजनता को घर, जमीन के साथ जान एवं माल की क्षति हो रही है तथा राजकीय सड़क नदी में विलीन हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों पर कबतक कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ढाला का निर्माण

*1426. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड में कमला बलान नदी के पश्चिमी भाग में अवस्थित विभिन्न गाँव की आमजनता तटबंध पर निर्मित सड़क का पक्कीकरण ढाला का निर्माण नहीं होने के कारण उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार बहुसंख्यक आबादी वाले गाँव के निकट सर्वे कराकर पक्कीकरण ढाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का स्थानान्तरण

*1427. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड एवं हसनपुरा प्रखंड को जोड़ने वाली धानाडीह मोड़ से पश्चिम हड़सर, अरजल बाजार, करयासी होते हुए हसनपुर बाजार हाइवे तक सड़क करीब 14 कि0मी0 लंबी है, जो रख-रखाव की कमी एवं भारी यातायात के कारण जर्जर हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क को पी0 डब्लयू0 डी0 में हस्तांतरित करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

'झ'-*1428. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत दमहंश से जरमाखाप गाँव तक का पथ निर्माण हेतु सर्वे हो चुका है एवं पथ का निर्माण जनहित में आवश्यक है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1429. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड अंतर्गत रोड नं0-17 से तेलवा तक की सड़क जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कारवाई करना

'ञ'-*1430. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के फल्गु नदी बिथो से गनुबिगहा की ओर जाती है जिसमें बिथो-गनुबिगहा के बीच बियर बांध नहीं रहने के कारण लगभग 30000 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई से बंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर फल्गु नदी में कबतक बियर बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'झ'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1088, दिनांक 09 फरवरी, 2026 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित।

नोट--'ञ'-जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 667, दिनांक 03 फरवरी, 2026 द्वारा लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।

सम्पर्क पथ बनाने

*1431. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग, अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के वैसे बसावट जहाँ सम्पर्क पथ नहीं है, को मुख्यमंत्री ग्राम टोला सड़क सम्पर्क योजना में भू-स्वामियों से शततलीज के आधार पर निर्धारित दर का चौगुनी राशि भू-स्वामियों को भुगतान कर सम्पर्क पथ का निर्माण कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत 137 मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र के वैसे सैकड़ों दलित बसावट जहां संपर्क पथ नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पहुंच पथ हेतु भूमि अधिग्रहण कर दलित बसावटों तक सम्पर्क पथ बनवाने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुलिया का निर्माण

*1432. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखण्ड नौबतपुर स्थित पंचायत-बारा के ग्राम-बारा में पचहुँआ नदी पर, ग्राम-मलाही खंधा के मलाही चौर के निगरैन में एवं ग्राम-पनहारा में छोटका आहर चौर में दरगाह के पास पुनपुन नदी के तटबंध में नया फाटक वाला पुलिया का निर्माण कार्य नहीं होने से यहाँ के स्थानीय कृषकों की कृषि कार्य (पटवन) में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थानों पर नया फाटक वाला पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*1433. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विधान सभा अंतर्गत पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्व प्रखंड के फरियानी चैक टाढ़ा मुसहरी मंझो सोतारी आदिवासी टोला तक की पथ कच्ची है, यह पथ कच्ची होने के कारण बरसात में आवागमन बाधित होता है एवं स्कूली बच्चे, मरीजों और ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

शवदाह गृह का निर्माण

*1434. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा सभी प्रखंडों में शवदाह गृह बनाने का निर्णय लिया गया है, परन्तु सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत भीसवा, कनमा, खैरवा, परिहार बाजार, नरंगा, विष्णुपुर, मुजेलिया में शवदाह गृह नहीं होने से इस क्षेत्रों के लोगों को शवों के दाह-संस्कार में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थलों पर शवदाह गृह बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटाव निरोधी कार्य करवाना

*1435. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड-पोठिया अंतर्गत डोक नदी के द्वारा ग्राम-कोल्हाबस्ती हल्दागांव, पश्चिम बस्ती हल्दागांव, सिंधीमारी एवं ग्राम-बकसा का विगत 5 वर्ष से प्रत्येक वर्ष कटाव जारी है जिससे कई आवासीय घर, सरकारी पक्की सड़कें इत्यादि कट कर नदी में विलीन हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित कटाव स्थल पर योजना बनाकर ग्राम सुरक्षात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*1436. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनु सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी विधान सभा के तेतराढ़ बाजार से महुअरी काव नदी तक जाने वाली सड़क संकरी एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1437. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बगही शखुआनी के ग्राम-डमरापुर एवं डुमरी होते हुए गर्दी दोन तक पक्की सड़क नहीं है, जिसके कारण बरसात के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों का प्रखंड मुख्यालय एवं मुख्य बाजार रामनगर से सम्पर्क टूट जाता है एवं इलाज सहित अन्य कार्य भी बाधित होता है, जबकि यह क्षेत्र आदिवासी (जनजातीय) बाहुल्य क्षेत्र है, यदि हाँ, तो सरकार आदिवासी (जनजातिय) समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सुलभ आवागमन हेतु पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1438. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत ठाकुरगंज प्रखण्ड के भातगाँव पंचायत अंतर्गत नेमुगुरी पासवान टोला से नेपाल बॉर्डर तक जाने वाली सड़क के मध्य पेनी धार पर पुल नहीं होने से स्थानीय ग्रामीण एवं सीमा पर प्रतिनियुक्ति एस०एस०बी०.के जवानों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार पेनी धार पर पुल कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1439. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड अंतर्गत लरूआ पंचायत के वार्ड नं० 03 में पउटी चौर से सरूआ घाट तक एवं बनबीरा पंचायत के वार्ड नं० 06 में राजू साह के घर के निकट से ब्रहमस्थान रामटोला होते हुये लरूआ भरही स्कूल तक का पथ काफी जर्जर है जिसके कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन के काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों के निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*1440. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 नवम्बर, 2025 को प्रकाशित शीर्षक ''डुमरिया गंडक पर बना पुल जर्जर, नये का निर्माण दो दशक से अधूरा'' को ध्यान मे रखते हुए क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को जोड़ने वाला गोपालगंज के डुमरिया में गंडक नदी पर 1974 में बना पुल जर्जर हो गया है एवं कभी भी भीषण दुर्घटना का कारण बन सकता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमरिया में गंडक पुल के समानान्तर नया पुल बनाने हेतु 2022 में पांचवी बार 167 करोड़ की लागत से निविदा हुई थी, परन्तु काम अबतक अधूरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी एजेन्सी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

श्मशान घाट का घेराबंदी करना

*1441. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रखण्ड राजपुर के ग्राम+पोस्ट-हरपुर में श्मशान घाट अवस्थित है, जहाँ ग्राम के महादलित परिवार के लोग वर्षों से दाह-संस्कार करते आ रहे हैं, परन्तु श्मशान घाट की भूमि का अतिक्रमण होने के कारण आमलोगों को कठिनाई उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त श्मशान घाट की भूमि को कबतक अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए घेराबंदी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल बनाना

*1442. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिले के बेलहर प्रखण्ड के पंचायत घोड़बहियार के चित्रसेन ग्राम एवं तरैया पंचायत के बारा ग्राम के बीच बदुआ नदी के ऊपर पुल का निर्माण नहीं होने से दस हजार से भी अधिक आबादी के जन-जीवन विशेषकर बरसात के समय में काफी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो सरकार आवागमन की सुलभता हेतु उक्त नदी के ऊपर उच्चस्तरीय पुल बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर की सफाई

*1443. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत रक्सौल विधान सभा क्षेत्र के रक्सौल एवं आदापुर प्रखंड की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से घोड़ासहन शाखा नहर पर निर्भर है, लेकिन भेलाही (RD 80) से बखरी (RD 160) तक नहर में गाद जमा होने के कारण इसकी जल-वहन क्षमता कम हो गई है तथा उप-वितरणी भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर खंड के सुदृढ़ीकरण, गाद सफाई तथा मौजूदा उप-वितरणियों के पुनर्स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*1444. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत पथ निर्माण की (EMBD) एकुहुआ मोहम्मदिया बसदाहा दुबैली पथ सिंगल लेन रहने के कारण हमेशा दुर्घटना एवं जाम की समस्या रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के चौड़ीकरण-सह-सुदृढ़ीकरण हेतु पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-1073 (ई0), दिनांक 19 फरवरी, 2025 कार्ययोजना में शामिल किया गया था, परंतु अबतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं प्रदान की गई, जिसके कारण कार्य लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं; तो क्या सरकार कबतक उक्त पथ के चौड़ीकरण-सह-सुदृढ़ीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*1445. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखंड में उस्तु पंचायत के मिरनपुर गाँव से होते हुए खुटाहा पंचायत के तालठोका पुल को जोड़ते हुए जमसी माक्षीपुर पंचायत के कोयला तक जाने के लिए सड़क नहीं होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, जिससे आम जनजीवन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण 'मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना' के तहत छूटे हुए टोलों का सर्वेक्षण कराकर पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*1446. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों तथा कर्मियों के लिए आवास व्यवस्था नहीं होने से उनलोगों को आवासन व्यवस्था में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कल्याणपुर प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के लिए आवास की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्यालय भवन का निर्माण

*1447. श्री महेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०)) --क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकर एवं देसरी में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का अपना भवन नहीं है जिससे आमजनता को अपने कार्य का निष्पादन कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार राजापाकर विधान सभा में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय खोलने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

तटबंध का निर्माण

*1448. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलांतर्गत सुरसंड विधान सभा क्षेत्र के

सुरसंड प्रखंड रातो नदी पर कई वर्ष पूर्व से ही तटबंध निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है, जो अबतक पूरा नहीं हो सका, जिससे उक्त प्रखंड के ग्राम-श्रीखण्डी, भिट्ठा कोरियाही, सिमियाही एवं अन्य कई ग्रामों के निवासियों को बाढ़ एवं जल-जमाव से परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी के तटबंध के छूटे हुए भाग को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1449. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कठडूमर में कोसी नदी पर दह घाट के पास पुल नहीं रहने से खगड़िया समस्तीपुर दरभंगा आने जाने में लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क-सह-नाला का निर्माण

*1450. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड के ससना पंचायत के जगदीशपुर बस्ती से डंडोरी गाँव तक सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक सड़क एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1451. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत अमौर प्रखंड के लखनारे से रहुआ, नवागाछी जानेवाली सड़क के लखनारे धार पर पुल नहीं होने से आमजनों को काफी कठिनाई हो रही है, साथ ही इस पुल का निर्माण नहीं होने से लोगों को प्रखंड मुख्यालय, अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर जाने हेतु अधिक समय एवं अधिक दूरी तय करके जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त धार पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1452. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र में जीविका महिला सशक्तिकरण योजना के तहत रु० 10,000 की सहायता राशि हेतु आवेदन करने वाली बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं को अबतक राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार पात्र महिलाओं को राशि का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

जल की निकासी करवाना

*1453. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड के ताजनीपुर पंचायत के गोइठवा नदी में निर्मित छिलका का मुहाना छोटा होने के कारण जल निकासी तेजी से नहीं हो पाता है, जिसके कारण बकरा मकनपुर, दुल्लापुर, जक्की, लालू बिगहा, ईश्वचक कमराही आदि गांवों में अत्यधिक जल जमाव हो जाता है जिससे फसलों को भारी नुकसान होता है एवं किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त छिलका का मुहाना कबतक बड़ा करने एवं गेट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पईन का जीर्णोद्धार

*1454. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत प्रखंड बाराचट्टी में धरधरी पईन में विगत कई वर्षों से जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण मिट्टी भर गया है, जिससे लगभग 84 से अधिक गाँवों को होने वाली सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पईन का कबतक जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1455. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पालीगंज के मुख्य बाजार में अत्यधिक भीड़, सीमित सड़क की चौड़ाई तथा अनियंत्रित यातायात व्यवस्था के कारण बाजार मार्ग से बड़ी गाड़ियों का आवागमन में अत्यंत कठिनाई होती है तथा इससे घंटों सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज बाजार से किंजर, कुर्था, जहानाबाद, गया आदि इलाकों में बड़ी गाड़ियाँ और ट्रक आदि का आवागमन है और बाइपास मार्ग नहीं होने के वजह से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या के समाधान हेतु धरहरा मोड़ से ग्राम फतेहपुर (चंढ़ोस पाली रोड) तक कच्चे रास्ते पर बाइपास सड़क बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का जीर्णोद्धार

*1456. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ०जा०))--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा एवं फलका प्रखंड में विधायक निधि से लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन जर्जर स्थित में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में जर्जर सभी सामुदायिक भवन का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल-पुलिया का निर्माण

'ट'-*1457. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत प्रखंड-पिपरासी के पंचायत-सौराहा (सुगौली) क्षेत्र में गंडक नदी तट पर बड़े पैमाने पर बालू माफिया एवं पदाधिकारियों के मिली भगत से बालू खनन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित गंडक बांध पर बने सर्विस रोड पर भारी वहन वाले ओवरलोडिंग बालू ढुलाई से ग्रामीण सड़क और पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में बालू खनन पर रोक लगाने हेतु बालू माफियाओं एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने एवं गंडक बांध पर क्षतिग्रस्त सर्विस रोड पुल-पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*1458. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत ब्रहमपुर प्रखंड के पंचायत कैथी के ग्राम-मरही के सामने नहर पर पुल नहीं होने से पंचायत के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाईपास का निर्माण

*1459. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत रामगढ़ बाजार में काफी भीड़-भाड़ के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार में जाम रहने के कारण बाजार से इतर नया बाईपास कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1460. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के पंचायत राज भवन महमदपुर (पानापुर) एवं पंचायत सरकार भवन रामचौड़ा (इसुआपुर) सहित पूरे जिला में प्राय: पंचायत सरकार भवन कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण उपयोग नहीं किये जा रहे हैं, जिसके कारण आमजनों को अपने कार्यों के संपादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार पंचायत भवनों को उपयोग में लाने हेतु कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट-- 'ट'- जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 663, दिनांक 10 फरवरी, 2026 द्वारा खान एवं भूतत्व विभाग में स्थानांतरित ।

पुल का निर्माण

*1461. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत बेलवाराय पंचायत में धनौती नदी पर पुल क्षतिग्रस्त रहने के कारण तुरकौलिया प्रखंड एवं हरसिद्धि प्रखंड के 7-8 पंचायतों को आवागमन का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार बलिया घाट पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1462. श्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल (क्षेत्र संख्या-153 गोपालगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत जाह्नवी चौक से राघोपुर होते हुये काजिकोरिया बाँध पर सड़क कच्ची होने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है तथा बाढ़ के समय संघर्षात्मक (Flood Fighting) कार्य कराने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बांध के ऊपर कबतक सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1463. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के त्रिलोकी डाढ़ा काली मन्दिर से मेघु टोला के बीच 30 मीटर का पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1464. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत पंचायत वारी के विरासिन से चैहरी के बीच फल्गु नदी पर पुल नहीं रहने के कारण 30-40 कि०मी० घुम कर गयाजी, बोधगया, मोहनपुर, वाराचट्टी प्रखंड लगभग 70-80 गाँवों के लोगों को जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार पचांयत वारी के विरासिन से चैहरी के बीच फल्गु नदी पर पुल का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विवाह मण्डप का निर्माण

*1465. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बेलछी प्रखंड स्थित दरवेशपुरा अंदौली पंचायत एवं फतेहपुर पंचायत में गरीब कन्याओं के विवाह हेतु कन्या विवाह मण्डप भवन नहीं रहने के कारण गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बेटियों के विवाह संपन्न करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में कबतक कन्या विवाह मण्डप का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*1466. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कुढ़नी प्रखंड के दरियापुर कफेन-पंचायत के लीची स्टैचुचौक से लाल टोला तक सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाढ़ अवरोधक कार्य कराना

*1467. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज प्रखंड के बेलवा पंचायत के साल्की कमारमनी में महानंदा नदी में कटाव के कारण प्रतिवर्ष बाढ़ आती है जिस कारण किसानों को फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बाढ़ अवरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

साईफन का निर्माण

*1468. श्री रमेश ऋषि (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत कुमारखंड प्रखंड के रानीपट्टी बैतरनी नहर, रानीपट्टी से बीरपुर जाने वाली सड़क कम चौड़ी होने तथा सिकियाहाँ के पास साईफन नहीं होने के कारण जाम की समस्या एवं सिकियाहा के पास पानी जमा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक चौड़ीकरण एवं उक्त स्थान पर साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्का नाला का निर्माण

*1469. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पंचायत अमहा में रेलवे लाइन के बगल में बसे गाँव में बरसात के समय जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण उक्त गाँवों के आवासीय भूमि तथा कृषि योग्य भूमि में लगी फसल बर्बाद हो जाती है तथा गांव के लोगों को आवागमन में भी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांवों को जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु पक्का नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1470. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत स्थित DMCH के स्त्री एवं प्रसुति रोग विभाग के न्यू बिल्डिंग के निर्माण कार्य में विभागीय पदाधिकारियों एवं संवेदक के द्वारा प्राक्कलन का अनदेखी करते हुए भारी मात्रा में अनियमितता बरती गई जिस कारण भवन हस्तांतरण (HANDOVER) के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का उच्चस्तरीय जाँच कर दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक के ऊपर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चैक डैम का निर्माण

*1471. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड पकरीबरावाँ के ग्राम-ढोढा के निकट कौडिहारी नदी में योगिया बांध से ग्राम-ढोढा, धरहरा, दुर्गापुर, बेलावाद, रेवार, दुलारपुर इत्यादि ग्रामों के सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कौडिहारी नदी में योगिया बांध से गुलनी के छिलका के बीच वृहद चैक डैम का निर्माण नहीं होने से पंचायत गुलनी, बेलखुण्डा, धमौल, ढोढा पंचायत सहित शेखपुरा जिला के चोरवर प्रखंड तथा जमुई जिला के आढा एवं कैथा पंचायत के हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि में सिंचाई नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कौडिहारी नदी में योगिया बांध से गुलनी छिलका के बीच वृहद चेक डैम का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक।

(3) प्रश्नाधीन योजना का स्थल निरीक्षण कराया गया है। विस्तृत सर्वेक्षण के पश्चात् डी0पी0आर0 तैयार कराकर विहित प्रक्रिया के तहत निधि उपलब्धता के आधार पर कार्य कराया जाएगा।

--------

उड़ाही एवं पक्कीकरण

*1472. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पारू विधान सभा क्षेत्र के तालखजूर नहर में गाद (Silt) भर गई है तथा आयोध्यापुर तक नहर कच्ची होने के कारण किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या यह बात सही है कि उक्त नहर की उड़ाही और अयोध्यापुर तक पक्कीकरण सरकार कबतक तालखजूर नहर की उड़ाही एवं अयोध्यापुर तक नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा प्रदान कराना

*1473. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड मझौलिया के पंचायत रमपुरवा, महनवा, हरपुर, गढ़वा एवं सेमरा बरवाघाट शिकरहना नदी के समीप बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में बाढ़ के समय नदी के कटाव एवं ग्रामीणों का घर एवं मध्य विद्यालय, बथना में नदी का पानी आ जाता है, जिससे जानमाल का खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पंचायतों में बाढ़ से सुरक्षा प्रदान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1474. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत जहानाबाद विधान सभा के पंचायत नौआवां ग्राम-इंद्रबीघा में रतनी फरीदपुर रोड से नोआवां पावर सब-स्टेशन तक रोड खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रोड का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1475. श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं भोजपुर जिलों को जोड़ने वाले इतिहमा-सकला-करथ पथ को जगदीशपुर से नयाडीह ग्राम होते हुए एस0एच0 81 से जोड़ने हेतु लगभग 2.5 कि0मी0 सड़क निर्माण प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण संपर्क एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार का पी0डब्लू0डी0 मार्गों को राज्य उच्च पथ (एसएच) से जोड़ने का संकल्प/नीति है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को एस0एच0 81 से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1476. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अंतर्गत मोती चौक से बहाली बाबा स्थान होते हुये परमानंदपुर पंचायत जाने वाली मुख्य सड़क 02 कि0मी0 कच्ची होने के कारण ग्रामीण जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को नए सिरे से पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहर की उड़ाही एवं पुनर्निर्माण

'ठ'-*1477. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड अंतर्गत रूपनी पंचायत के ग्राम-रूपनी से मछहाँ चौक तक नहर में गाद भर जाने के कारण जल निकासी बाधित हो गई है, जिससे बरसात में उक्त क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की उड़ाही (डिसिल्टिंग) कर उसे पक्का नहर में पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का उड़ाही

*1478. श्री राज कुमार राय (क्षेत्र संख्या-140 हसनपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंघिया प्रखंड के करेह नदी मधेपुर स्लूईस गेट से औरा पंचायत के नहर तक नहर का उड़ाही कार्य विगत 3 वर्षों से नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर का उड़ाही कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1479. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दिघवारा प्रखंड के रामपुर आमी पंचायत के बोधा छपरा मुख्य सड़क (हनुमान मंदिर) से संजय सिंह के घर तक 800 मीटर सड़क जर्जर रहने के कारण आस-पास के हजारों की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सम्पर्क पुल का निर्माण

*1480. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधवापुर प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर पंचायत से गुजरने वाली धौंस नदी के तट पर स्थित पकड़ी मोकरी टोला के लोगों को मुख्यालय तक जाने हेतु नदी पार करने के लिए 15 कि0मी0 की दूरी तय करके काफी घूमकर जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर सम्पर्क पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1481. मो0 आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के दियारी पंचायत अंतर्गत दियारी फाटक से कोचागामा कलभर्ट तक कोशी के पूर्वी तट पर सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ठ'-लघु जल संसाधन विभाग के ज्ञापांक 742, दिनांक 4 फरवरी, 2026 द्वारा जल संसाधन विभाग में स्था0।

बाँध का निर्माण

*1482. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत काढ़ागोला बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल के कुर्सेला रेलवे पुल गाईड बांध से कमलाकान्ही होते हुए मधेली गाँव के 12 नंबर स्पर तक बांध गंगा नदी के कटाव से नदी में विलीन होने के कारण गंगा एवं कोसी नदी के पानी से 6 कि0मी0 तक की दूरी तक बसे गाँव पानी में डूबा रहता है तथा बरौनी-कटिहार रेलवे लाइन पर भी बाढ़ के पानी का दबाव बने रहने के कारण रेलवे लाइन कटने की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक स्पर निरोधी कार्य तथा बांध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का नवनिर्माण

*1483. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले में शाहपुर प्रखंड के ईश्वरपुरा पंचायत में ईश्वरपुरा मोड़ से लेकर ओझवलिया गाँव में श्रद्धेय नर्वदेश्वर ओझा के आवास तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही यह सड़क संकीर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण एवं चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1484. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज कॉलेज के हरिपुर होते हुए रानीगंज के मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सड़क क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सड़क है, किंतु सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण आए दिन आम एवं दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1485. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दनियावां प्रखंड में होरिल बिगहा एन0 एच0-30 से सलालपुर गांव तक की सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1486. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखंड के भुसवर पंचायत के ग्राम-लिटीयाही, पछियारी टोल, दिनेश पासवान के घर से ग्राम-बसौना के रामनन्दन महतो के घर तक दो गाँवों को जोड़ने वाली सड़क का कालीकरण/पी0सी0सी0 नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कालीकरण/पी0सी0सी0 कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरित करना

*1487. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलांतर्गत घोसी विधान सभा में फल्गु नदी से प्रभावित क्षेत्रों में घोसी प्रखंड सर्वाधिक प्रभावित होता है तथा पूर्व में बाढ़ नियंत्रण का मुख्यालय घोसी में अवस्थित था, यदि हाँ, तो क्या सरकार बाढ़ मुख्यालय को एकंगरसराय से पुनः घोसी स्थानांतरित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1488. श्री अरूण माँझी (क्षेत्र संख्या-189 मसौढ़ी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत मसौढ़ी प्रखण्ड के पितमासा पथ के कोरियावाँ मोड़ से बिहटा-सरमेरा पथ कल्याणपुर, वाजितपुर तक एवं एन0 एच0-22 से एस0 पी0 एम0 पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है, परन्तु उक्त पथ पर अत्यधिक वाहनों के परिचालन होने से जाम की समस्या रहती है, यदि हाँ, तो सरकार सुगम आवागमन हेतु उक्त पथों को ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित कर पथ निर्माण विभाग से उच्च गुणवत्ता वाली चौड़ी सड़क निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का अधिग्रहण एवं पक्कीकरण

*1489. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत NH-227 फतेहपुर गठ से कहतरवा डुमरी, कटसरी ब्लॉक-लालगढ़ तक आर0 ई0 ओ0 सड़क जर्जर है जो जिला मुख्यालय से प्रखण्ड मुख्यालय को जोड़ती है जिसकी लम्बाई 08 कि0मी0 है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिगृहित कर पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एलिवेटेड रोड का निर्माण

*1490. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर विगत कई वर्षों से भीषण जाम की समस्या से प्रभावित है, जिससे आम नागरिकों तथा आपातकालीन मरीजों को प्राणघातक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नए पुल एवं सड़क मार्गों के विस्तार से शहर में यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है और जाम की स्थिति और विकराल होती जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, जाम ग्रस्त होने वाले स्थानों पर आधुनिक State-of-the-art फ्लाईओवर/एलिवेटेड रोड निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर जिलान्तर्गत प्रश्नगत शहर में यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए BSRDCL द्वारा सुलतानगंज-भागलपुर-सबौर गंगा पथ परियोजना के निर्माण हेतु HAM पद्धति पर निविदा आमंत्रित कर कार्य संवेदक को आवंटित किया जा चुका है, जो भागलपुर शहर के बाईपास के रूप में कार्य करेगा, जिससे भागलपुर शहर में जाम की समस्या से काफी हद तक निदान मिल जायेगी।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप फ्लाईओवर/एलिवेटेड रोड निर्माण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

--------

कटावरोधक कार्य कराना

*1491. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत प्रखण्ड-सुगौली में प्रवाहमान बूढ़ी गंडक नदी में प्रतिवर्ष भीषण बाढ़ से उत्तरी छपरा बहास पंचायत अंतर्गत सपहा स्कूल अनुसूचित जाति बस्ती के सामने एवं कैथवलिया स्कूल के सामने कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों के सामने नदी में कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1492. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र के वीरपुर प्रखण्ड के भावनंदपुर पंचायत स्थित पावड़ा ढाव एवं चेरियाबरियारपुर विधान सभा क्षेत्र के पावड़ा के बीच बूढ़ी गंडक नदी पर पुल न होने से ग्रामीणों को नदी पार करने के लिये नाव से आवागमन करना पड़ता है विशेषकर वर्षा वृष्टि में दुर्घटना घटित होती रहती है एवं जान-माल का नुकसान होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

गाद की सफाई

*1493. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बड़हरा कोठी प्रखंड के हरराही पंचायत से एक कारी कोशी का उद्गम स्थान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के जल प्रवाह से रूपौली विधान सभा क्षेत्र के हजारों किसानों का कृषि सिंचाई एवं मछुआरा समाज को लाभ होता था, परन्तु वर्ष 2009 में कुशाहा बांध टूटने से इस कारी कोशी में भारी मात्रा में गाद भर जाने के कारण जल का प्रवाह बंद हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी को गाद की सफाई करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1494. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के महलगांव ग्राम पंचायत के करहारा ग्राम में भगवानपुर ग्राम पंचायत के सतबीता घाट में पुल नहीं होने के कारण उक्त ग्राम पंचायतों के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गाद निकलवाना

*1495. श्री बाबूलाल शौर्य (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखंड के सर्किल No. 1 में 1000 एकड़ से ज्यादा जमीन पर पानी निकासी के अभाव में जल-जमाव लगभग सालो भर रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में कोसी नदी में गाद भर जाने के कारण स्लूईस गेट से पानी नहीं निकल पाता है जिस कारण किसानों को बुआई में हमेशा समस्या होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कोसी नदी से प्रभावित क्षेत्र में गाद निकलवाने का कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*1496. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत नरपतगंज के कन्हैली पंचायत से गरगम्मा जाने वाली सड़क का निर्माण 2 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था परन्तु निर्माण अबतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पैदल पथ का निर्माण

*1497. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत गायघाट से दीदारगंज गंगा पथ के किनारे रोड बन रहा है, जो चार पहिया वाहनों के लिये प्रयोग होना है, है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के उत्तर की ओर पैदल पथ एवं साईकिलिंग ट्रैक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान घोषित परियोजना पटना जिलान्तर्गत भद्रघाट से दीदारगंज तक (कुल लम्बाई 7.8 कि०मी०) पथ के 4 लेन पथ के चौड़ीकरण/निर्माण कार्य प्रगति पर है । परियोजना अन्तर्गत पैदल पथ हेतु फुटपाथ का भी प्रावधान है ।

-------------

सड़क का निर्माण

*1498. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा में सुलभ सम्पर्कता योजना के तहत चयनित सखँवा पुल से सुकहरा पुल तक डुमराँव नहर के दाहिने छोर पर सड़क निर्माण हेतु उक्त पथ को सर्वेक्षणोपरांत/चयनित कर कार्यापालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग सासाराम-2 के पत्रांक 1052, सासाराम, दिनांक 12 सितम्बर, 2024 द्वारा नोडल पदाधिकारी सुलभ संपर्कता ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को समर्पित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1499. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत लकड़ी नवीगंज प्रखंड के उज्जैना हाईस्कूल से तेलिया प्राईमरी स्कूल (मोबाईल सर्वे आई०डी० 97008) एवं उज्जैना पी०एम०जी०एस०वाई रोड से कपड़ीपुर यादवटोला (मोबाईल सर्वे आईडी० 97076) तक जाने वाली कच्ची सड़क विगत वर्षों से गड्ढे में तब्दील हो गयी है, जिसके कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती है, आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के दोनों सड़कों को कबतक पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नलकूप चालू करवाना

*1500. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में 266 राजकीय नलकूप में से 100 नलकूप लम्बे समय से बंद रहने के कारण जिले में सिंचाई सुविधाएँ प्रभावित हो रही है तथा कृषि उत्पादन पर इनका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बंद पड़े उक्त नलकूपों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार करवाना

*1501. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के तेतरिया प्रखंड अंतर्गत सेमराहा बाजार से मुशहरी गेट तक सड़क जर्जर हो गई है जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क के जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------------

मुख्य सड़क से जोड़ना

*1502. श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार की महत्वाकांक्षी ''मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना'' वर्ष 2013 के अंतर्गत 250 से अधिक आबादी वाले बस्तियों तथा 100-249 आबादी वाले टोलों को सड़क मार्ग से जोड़ने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कदवा विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत भर्री पंचायत, मौजा बधनगाँव स्थित पीरगंज महादलित टोला, चंदहर पंचायत स्थित बलिया टोला (अत्यंत पिछड़ा बहुल), तथा डंडखोरा प्रखंड, कंधरपेली मौजा स्थित परसन टोला (आदिवासी एवं अत्यंत पिछड़ा बहुल) तक सड़क मार्ग से नहीं जोड़ने के कारण आवागमन की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों एवं टोलों को सड़क मार्ग से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------------

नाला का निर्माण

*1503. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के हुसैनी बाजार में दोनों तरफ पूर्व से निर्मित नाला के जाम हो जाने के कारण जल-जमाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार केसरिया के हुसैनी बाजार में नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल, केसरिया प्रखंड के हुसैनी बाजार जो SH-74 का पथांश है, पथ के दोनों तरफ 15 वर्ष पूर्व निर्मित नाला के निकास बिन्दु के पास मकान बन जाने से जल की निकासी अवरूद्ध हो गया है । नाला को पथ के आगे निकटतम पुलिया तक विस्तार करने की आवश्यकता है । यह पथ OPRMC-II के तहत संधारित है एवं पथ की स्थिति अच्छी है । आगामी OPRMC-III के पैकेज में उक्त पथांश पर नाला निर्माण का प्रावधान किया गया है, जिसकी स्वीकृति उपरान्त निर्माण कार्य कराया जायेगा ।

स्लुईस गेट का निर्माण

*1504. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कराचीन-बदलाघाट तटबंध के कि0मी0 29.00 से 35.00 के बीच तीन एंटी फ्लड स्लुईस गेट का निर्माण नहीं होने से भीषण जल-जमाव की समस्या वर्षों से बनी हुई है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 7500 एकड़ कृषि भूमि प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक स्लुईस गेट के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का कार्य पूरा करवाना

*1505. श्री ललन राम (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत हड़ियाही डैम से बटाने दायें नहर का पानी औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा देव, मदनपुर एवं शेरघाटी तक आता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बटाने नहर का काम अधूरा रहने के कारण हजारों हेक्टेयर भूमि असिंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बटाने नहर के अधूरे कार्य को पूरा कर झारखंड सरकार से पहल कर खेतों को सिंचित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई नाला का निर्माण

*1506. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई प्रखंड के अजय जलाशय के सिंचाई नाला एवं आउटलेट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे वहां किसानों को सिंचाई में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित जलाशय के सिंचाई नाला एवं आउटलेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1507. श्री पुरन लाल टुडू (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत कटोरिया से भलजोर जाने वाली सड़क की लम्बाई 46 कि0मी0 सिंगल लेन की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पर महादलित, अनु0 जनजाति एवं अत्यंत पिछड़ी की आबादी है तथा सिंगल लेन की सड़क होने से आये दिन जाम लगा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कटोरिया प्रखंड अंतर्गत कटोरिया से भलजोर जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क का चौड़ीकरण

*1508. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ० जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर पूसा पथ मुख्य सड़क है जिसके कारण इस पर ट्रैफिक लोड बहुत अधिक है परंतु इसका चौड़ीकरण नहीं होने के कारण एक्सीडेंट होता रहता है और जाम की समस्या बराबर बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार मुजफ्फरपुर पूसा पथ को स्टेट हाईवे का दर्जा देते हुए इसका डिवाइडर सहित चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ की कुल लम्बाई 30.08 कि०मी० एवं पथ की चौड़ाई 7.00 मी० है। इस पथ के सावधि नवीकरण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति रु० 13.36 करोड़ (13 करोड़ 36 लाख रुपये) प्राप्त है एवं वर्तमान में पथ का कार्य प्रगति पर है। पथ कार्य चालू वित्तीय वर्ष में पूर्ण करा लिया जायेगा। सम्प्रति विषयगत पथ को स्टेट हाईवे में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप उक्त पथ के चौड़ीकरण पर निर्णय लिया जायेगा।

--------

### पुल का डिजाईन करने वाले अभियंता पर कार्रवाई

*1509. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा NABARD योजना के अंतर्गत दरभंगा जिला के कार्य प्रमंडल दरभंगा 2 अंतर्गत मस्सा पंचायत में खिरोई नदी पर 42 मीटर पुल के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई थी जिसका निविदा हो चुकी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पुल के निर्माण हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन के निमित कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल दरभंगा 2 के पत्र संख्या 1932, दिनांक 15 सितम्बर, 2025 तथा अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल दरभंगा के पत्र संख्या 1026, दिनांक 16 सितम्बर, 2025 द्वारा उक्त पुल योजना को Fore Close करने का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एकरारनामा को रद्द करते हुए पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर बनवाने के साथ-साथ कार्य में विलम्ब करने वाले सम्बंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

### पुल का निर्माण

*1510. श्री अमित कुमार (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड विधान सभा क्षेत्र के पचनौर से मौलानगर और रूपौली से मौतनाजय के बीच बागमती नदी पर उच्चस्तरीय पुल न होने से बड़ी आबादी को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1511. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के हसपुरा बाजार में लग रहे जाम की समस्या को दूर करने के लिये पचरूखिया रोड गिरयाटी प्रसाद गुप्ता कॉलेज से चौराही रोड होते हुये पहरपुरा रोड तक बाइपास सड़क के निर्माण हेतु प्रस्ताव 1 वर्ष पूर्व विभाग को भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी तक हसपुरा बाइपास का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से क्षेत्र की जनता को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर बाइपास सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रश्नगत स्थल पर बाइपास सड़क निर्माण हेतु वार्षिक कार्य योजना में शामिल करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

तकनीकी संभाव्यता, संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप सड़क के निर्माण कार्य पर निर्णय लिया जायेगा।

--------

पुल का निर्माण

*1512. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत नगरा प्रखंड के फरदपुरा गाँव के पास भी0एल0सी0 नहर पर पुल नहीं होने के कारण छोटे, बड़े वाहन सहित आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1513. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बांसबाड़ी पंचायत अंतर्गत अंधरा धार में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को अररिया प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर शाखा का निर्माण

*1514. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखंड की ग्राम पंचायत सुगौना उतरी के अंतर्गत स्थित ग्राम-भगवानपुर, बेराघाट, सुगौना सहित अन्य कई गाँवों के बांध क्षेत्र में नहर की शाखा का निर्माण कर दिया गया है, जिसके कारण सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में वर्ष भर वर्षा एवं नदी-नालों का पानी जमा रहता है और संबंधित क्षेत्र के किसान वर्षों से कृषि उत्पादन से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जल-जमाव की समुचित जल निकासी व्यवस्था तथा प्रभावित किसानों को राहत, मुआवजा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1515. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत प्रखंड गुरूआ के ग्राम-ढ़िबरा एवं ग्राम-लालगढ़ के बीच मोरहर नदी में पुल नहीं रहने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार गयाजी जिला के गुरूआ प्रखंड में ग्राम-ढ़िबरा एवं ग्राम-लालगढ़ के बीच मोरहर नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1516. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज के भेड़िहरवा पंचायत के भेड़िहरवा गांव की कच्ची सड़क पर बरसात के दिनों में लगभग 1500 मीटर में जल-जमाव हो जाती है, जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामन करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार भेड़िहरवा पंचायत के भेड़िहरवा गांव में जल निकासी हेतु नाला-सह-सड़क निर्माण बरसात से पहले करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी की उड़ाही

*1517. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड हथुआ के ग्राम पंचायत राज मछागर लच्छी राम चवर से निकलने वाली लब्दा नदी जो कि सिवान जिला के प्रखंड नौतन के ग्राम-मराछी के समीप सोना नदी में मिलती है, जिसमें पूर्ण रूप से गाद एवं सिलटेशन भरा पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी की उड़ाही नहीं होने से प्रत्येक वर्ष एक लाख एकड़ फसल सिंचाई कार्य से वंचित हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी पर कार्रवाई

*1518. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 07 जनवरी, 2026 को प्रकाशित शीर्षक ''शहर में नाली के रास्ते घरों तक पहुँच रहा गंगाजल ''को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत मानपुर में बुडको से गंगा उद्‌वह योजना के तहत हर घर नल से जल पहुँचाने के लिये नाले-नालियों के बीच से पाइप बिछाया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पाइप में लिकेज होने के कारण नाले की दूषित पानी पाइप लाइन में प्रवाहित हो रही है जिससे गंभीर महामारी की आशंका बनी हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए दोषियों पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

*1519. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड बनमा के पंचायत बनमा ईटहरी में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार है, परन्तु इसका हैन्डओवर अभीतक नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बनमा पंचायत सरकार भवन में प्राक्कलन के अनुरूप सामाग्री जैसे छड़, सीमेन्ट, बालू आदि का उपयोग नहीं किया गया है, जिस कारण पंचायत सरकार भवन की स्थिति जर्जर एवं खराब हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मामले की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू कराना

*1520. श्री रामेश्वर कुमार महतो (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बोखड़ा में सिंचाई हेतु सभी 11 स्टेट बोरिंग (नलकूप) वर्षों से बंद होने के कारण किसानों को सिंचाई करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद पड़े सभी 11 स्टेट बोरिंग (नलकूप) को कबतक सुचारू रूप से पुनः चालू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1521. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखंड के धनगढ़ा पंचायत के वार्ड नं० 06 के तुलासिया से पथरघट्टी मार्ग डोम सड़क जामिर टोला से नया गोरूमारा तक 7 कि०मी० सड़क कच्ची है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1522. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपर, ग्राम पंचायत कठौतिया केवल के ग्राम-पतवास के सामने एवं ग्राम-बसकटवा के सामने तिलैया नदी पर पुल नहीं होने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-पतवास में एवं ग्राम-बसकटवा के सामने तिलैया नदी पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1523. श्री राम चन्द्र सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड के सहोरवा से बरियाही, गुरदी कोठी, कलवारा, पिपरपांती, मखनाही होते हुए मोहराघाट से सुखाशन तक पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क काफी जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पी०डब्लू०डी० से निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1524. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के ग्राम-राजा राम पट्टी पश्चिमी कोशी तटबंध से रविन्द्र सिंह के घर होते हुए वाजुवन्द नरहिया मुख्य सड़क तक लगभग 1.5 कि०मी० कच्ची सड़क है, जिस कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार राजा राम पट्टी गाँव में उक्त कच्ची सड़क को पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पी०सी०सी० कराना

*1525. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर प्रखंड के धर्मपुररत्ती पंचायत अन्तर्गत के ग्राम-जयरामपुर वार्ड नं० 12 में पटवारी चौधरी के घर से सरकारी पोखर होते हुए कल्याण कुँअर के घर के पास प्रधानमंत्री सड़क तक कच्ची सड़क में जगह-जगह गड्ढा रहने के कारण आमजनों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इस सड़क को पी०सी०सी० कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1526. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत चिरैया प्रखंड में कपूर पकड़ी PMGSY पथ सेमरा से मल्होरिया हरिजन टोला पथ में सीजुआ नदी पर पुल जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1527. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के नन्दी गोविंदी पथ में सम्भू दयाल खेतान बगीचे के पास पुल नहीं रहने के कारण उस इलाके की आमजनों के साथ ही छात्र-छात्राओं को स्कूल/कॉलेज जाने-आने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर उच्चस्तरीय आर0 सी0 सी0 पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1528. डॉ0 प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के दाउदनगर प्रखण्ड अन्तर्गत करमा पंचायत के ग्राम-विशम्भर बिगहा गांव से पूरब रोड में राजेन्द्र सिंह के घर से लेकर सिधेशवर सिंह के घर तक नाली का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, जिसके कारण इस गांव का पानी सड़क पर गिरने के कारण सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिससे जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है एवं ग्रामीणों का आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थान पर नाला का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1529. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दनियावां से हुलासगंज स्टेट हाईवे संकीर्ण और यातायात का अत्यधिक दवाब होने के कारण हमेशा जाम एवं दुर्घटना होते रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ, दनियावां-हिलसा-एकंगरसराय-हुलासगंज पथ चैनेज 0.00 कि0मी0 से चैनेज 44.155 कि0मी0 (कुल लम्बाई 44.155 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 33089.40 लाख (330 करोड़ 89 लाख 40 हजार रुपये) का प्राक्कलन प्राप्त है।

संसाधन की उपलब्धता एवं प्राथमिकता के अनुरूप पथ के चौड़ीकरण पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

--------

शेष कार्य पूर्ण करना

*1530. श्रीमती स्नेहलता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सासाराम के बेलवाई डैम का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से रूका पड़ा है, जिसके कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कृषि उत्पादन बढ़ाने और जल संचयन हेतु इस महत्वपूर्ण परियोजना को कबतक पुनर्जीवित कर शेष कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अमृत सरोवर का निर्माण

*1531. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा सभी जिलों में कम-से-कम 75 अमृत सरोवर का निर्माण/विकास किए जाने का लक्ष्य है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा के लदनियाँ प्रखंड के पिपराही ग्राम में एन0 एच0 227 के बगल में स्थित दुल्हनी पोखर, जिसका खाता सं0-661, खेसरा-3619, रकबा-4 एकड़ 18 डिसमिल सरकारी जमीन होने के बावजूद उक्त तालाब को अमृत सरोवर हेतु चयन नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तालाब को अमृत सरोवर में चयन कर विकसित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1532. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पुनपुन के पंचायत पोठही के ग्राम-बसुहार से पारथु ग्राम तक लगभग 3.5 कि0मी0 तक कच्ची सड़क को आजादी के 75 वर्षों के बाद भी पक्कीकरण नहीं किया गया है जिससे लगभग 30 ग्रामों की आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिथि गृह का सौंदर्यीकरण

*1533. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड सिकन्दरा में सिंचाई प्रमंडल का कार्यालय कार्यरत है तथा कार्यालय परिसर में स्थित अतिथि गृह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसके कारण आने वाले अतिथियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विभागीय अतिथि गृह का मरम्मती एवं सौंदर्यीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1534. मो0 फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत ढाका विधान सभा के बाईपास से संबंधित ढाका नगर परिषद् एवं अनुमंडल क्षेत्र में हर समय जाम की गंभीर समस्या बनी रहती है, जिससे आमजनता को कठिनाइयों का सामना करन पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार जाम से छुटकारा पाने के लिए पकड़ीदयाल रोड से भाया लहन ढाका होते हुए बरहरवा सिवन तक भारतमाला सड़क के निर्माण की स्वीकृति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण

*1535. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत मोतिहारी नगर निगम के मोतीझील स्थित रोइंग क्लब के पास से झील के उस पार तक आवागमन के लिये वर्तमान में कोई सुगम साधन नहीं है, जिससे ब्लॉक, अस्पताल, स्टेशन एवं कचहरी क्षेत्र में यातायात का भारी दबाव बना रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण निगम के द्वारा इसका डी0पी0आर0 तैयार की गयी थी, जो आवंटन के अभाव में लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण की तकनीकी व्यवहार्यता की जांच कराकर इसे प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई की व्यवस्था

*1536. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के नावानगर प्रखण्ड के सोनवर्षा पंचायत अन्तर्गत उजागीर टोला (रामनगर) के पास छेरा नदी में पक्का बांध बनाकर नदी का पानी सिकरिया लाइन नहर में सलसला पुल के नीचे आहर में गिराने की व्यवस्था नहीं होने से बक्सर एवं भोजपुर जिला के दर्जनों गावों के किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में कबतक पक्का बांध बनाकर नदी का पानी सिकरिया लाइन नहर में गिराने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1537. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड-सह-अंचल भवन के कार्यालय के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृति एवं निविदा कार्य सम्पन्न होने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कार्य प्रारम्भ में विलम्ब के लिए दोषी संवेदक एवं पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1538. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के नरकटिया, विधान सभा अन्तर्गत ग्राम-मसही, पंचायत-खैरया में जिम निर्माण, सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, पोखर का निर्माण एवं ग्राम-बेला मोड़ में जिम का निर्माण का कार्य नहीं कराकर पूर्ण राशि का निकासी कर ली गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य के संबंध में अनेकों बार प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य के खिलाफ संबंधित पदाधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छौड़ादानों के संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य राज्य कोष की लूट करने के आरोप में दण्डात्मक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रशासनिक स्वीकृति-सह-निर्माण

*1539. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)- क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 25 अगस्त, 2025 को सम्पन्न तकनीकी सलाहकार समिति की बैठक में लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी के दो योजनाओं (i) तमुरिया चेक डैम का जीर्णोद्धार कार्य एवं (ii) खरड़क वीयर योजना की मरम्मती कार्य की सहमति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसकी प्रशासनिक स्वीकृति हेतु अभियंता प्रमुख का कार्यालय, लघु जल संसाधन विभाग, शेखपुरा, पटना ने पत्रांक सं०सं०-अभि०प्र०/ल०ज०सं०वि०/बैठक (TAC)-11 जुलाई, 2023, 975/पटना, दिनांक 26 अगस्त, 2025 के माध्यम से अधीक्षण अभियंता (मु०) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को प्रेषित किया है, जो अभीतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उपर्युक्त योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये निर्माण प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री -(1) स्वीकारात्मक ।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) निधि उपलब्धता एवं विभागीय प्राथमिकता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य करा लिया जायेगा।

---

मॉडल भवन बनवाना

*1540. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड सह अंचल मुख्यालय का भवन काफी पुराना एवं जर्जर है, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन को तोड़कर मॉडल भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1541. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखण्ड अन्तर्गत गठौली पंचायत के ग्राम-महुअरी में पटना कैनाल में पुल निर्माण नहीं होने के कारण आमलोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनाल में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ का निर्माण

*1542. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंड अन्तर्गत हाटी पंचायत में कदुआर से मुरली मुख्य मार्ग तक सम्पर्क पथ नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अन्तर्गत स्वीकृत कराते हुये सम्पर्क पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पईन की उड़ाहीकरण

*1543. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र की भलुआ दो पंचायत से पनारी भगवानपुर, भलुआ एक पंचायत होते हुये साखिर बिगहा से आगे जहानाबाद की ओर जाने वाली दरशैन पईन प्रवाहित है, जो फल्गु नदी से निकलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पईन में गाद जमा होने के कारण पानी का प्रवाह लगभग बंद हो गयी है, जिसके कारण पाँच पंचायतों में हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध नहीं हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दरशैन पईन की उडाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1544. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्व प्रखण्ड अन्तर्गत महराजपुर पंचायत में बासबाड़ी घाट पर पुल नहीं होने के कारण आम ग्रामीणों को यातायात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लुईस गेट का निर्माण

*1545. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के अन्तर्गत परिहार प्रखण्ड होकर अधवारा समूह की हरदी नदी बहती है जो मानिकपुर मुशहरियां होकर गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हरदी नदी में बारहो मास पानी रहती है, लेकिन स्लुईस गेट या वियर नहीं होने से किसानों को कृषि कार्य हेतु पानी का लाभ नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरदी नदी पर उक्त स्थल पर गेट या वीयर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मार्केट शेड एवं शौचालय का निर्माण

*1546. मो० कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के छतरगाछ बाजार में MSDP योजना सम्प्रति प्रधानमंत्री जन-विकास कार्यक्रम के तहत 20.70 करोड़ की लागत से बस स्टैण्ड, सामुदायिक शौचालय, मार्केट शेड के निर्माण हेतु प्रस्ताव जिला पदाधिकारी, किशनगंज के पत्रांक 519, दिनांक 31 अक्टूबर, 2018 द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, को भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रस्ताव के आलोक में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की 129वीं प्राधिकृत समिति की बैठक में दिनांक 15 फरवरी, 2019 को उक्त योजना की स्वीकृति दी गई और निर्माण हेतु प्रथम किस्त की राशि वित्तीय वर्ष 2019-20 में विमुक्त किया गया, लेकिन अबतक निर्माण कार्य आरंभ नहीं हुआ ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छतरगाछ में मार्केट-शेड एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1547. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डेहरी विधान सभा के डेहरी प्रखंड के नवाडीह पंचायत के अन्तर्गत ग्राम-पांडेयपुर से ग्राम-दुर्गापुर तक की सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण बरसात के दिनों में जल-जमाव रहने से आवागमन बाधित रहता है और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि यह सड़क ग्रामीणों का मुख्य सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माणं कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1548. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड में छौगरिया से एकडरवा तक 2.5 किलो मीटर कच्ची सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण रामनगर एवं गौनाहा प्रखंडों के आमजनता को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों के लोगों के सुलभ आवागमन के लिये सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1549. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के 53 ठाकुरगंज विधान सभा क्षेत्र के दिघलबैंक प्रखण्ड अन्तर्गत सिंघीमारी से डाकूपाड़ा के बीच पलसा कनकई नदी पर पुल के अभाव में दिघलबैंक एवं टेढ़ागाछ प्रखण्ड के बीच संपर्क नहीं है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1550. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत मुरादपुर बंगरा पंचायत के बीच दुर्गा स्थान से पी०डब्लू०डी० पथ सरसौना तक एवं रहीमाबाद पंचायत में प्रमोद राय के घर के निकट से हजाम टोला होते हुये अमीरी लाल साह के घर तक सड़क के जर्जर हो जाने के कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1551. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड के निमईया पंचायत के ग्राम-मुंगराहा और पूर्वी चम्पारण के गोविन्द गंज थाना के ग्राम-नगदाहा के बीच गण्डक नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण से गोपालगंज जिला मुख्यालय से बेतिया, मोतीहारी, रक्सौल, मुजफ्फरपुर एवं अरेराज जैसे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की दूरी कम होगी और समन्वित विकास का मार्ग प्रशस्त होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1552. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रखण्ड-राजपुर के पंचायत खीरी में सोनी ग्राम के समीप सोनीनार नदी में पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाईपास पथ का निर्माण

*1553. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बांका-बेलहर (नया) पथ समुखियामोड़ से पोखरिया होते हुए साहेबगंज बाजार से गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि साहेबगंज बाजार में घनी आबादी तथा ट्रैफिक दबाव के कारण प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण परिचालन बाधित रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साहेबगंज बाजार में बाईपास पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि बांका जिलान्तर्गत प्रश्नगत पथ, साहेबगंज बाजार सुल्तानगंज-तारापुर-बेलहर कटोरिया पथ (SH-22) के 43वें कि०मी० पर अवस्थित है। वर्तमान में उक्त पथ का उन्नयन कार्य माननीय मुख्यमंत्री बिहार के प्रगति यात्रा के तहत स्वीकृत है एवं कार्य से संबंधित निविदा प्रक्रियाधीन है।

पुल का निर्माण

*1554. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रक्सौल प्रखंड की पुरन्दरा पंचायत के आनंदीगंज बाजार में स्थित लोहे का पुल जर्जर होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है और हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर एक आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1555. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बायसी प्रखण्ड में कारे लाल चौक से

ककरहुआ दक्षिण टोला एवं M.G.S.Y मड़वा से लेलूका पथों की निर्माण 2018-2019 में स्वीकृति मिली थी, लेकिन निर्धारित समय के अन्दर कार्य नहीं होने के कारण संवेदक को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों की Revised DPR LT No. 604, दिनांक 17 अप्रील, 2025 को भेजा गया था परन्तु कार्य अभीतक नहीं हो सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों की निर्माण कार्य करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मरीन ड्राइव सड़क का विस्तार

*1556. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव )--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा मुंगेर से सबौर तक मरीन ड्राइव (गंगा पथ) के निर्माण की स्वीकृति विगत वर्ष में दी गई है और इसका कार्य एक निजी निर्माण एजेंसी (अदानी समूह) को आवंटित किया जा चुका है, जबकि पर्यटन के विकास को देखते हुए मरीन ड्राइव को सबौर से कहलगाँव के बटेश्वरस्थान तक विस्तारित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित और पर्यटन के विकास को देखते हुए निर्माणधीन मरीन ड्राइव को सबौर से कहलगाँव होते हुए बटेश्वरस्थान तक विस्तार कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- वस्तुस्थिति यह है कि HAM Model पर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या०-33 का मुंगेर (सफियाबाद) बरियारपुर घोरघट सुल्तानगंज खंड का रु० 5119.80 करोड़ (51 अरब 19 करोड़ 80 लाख का रुपये मात्र) एवं सुल्तानगंज भागपलुर सबौर खंड का रु० 4849.83 करोड़ (48 अरब 49 करोड़ 83 लाख रुपये मात्र) के लागत से निर्माण हेतु कार्य संवेदक मेमर्स अडानी इंटर प्राईजेज को आंवटित कर दिया गया है।

सम्प्रति सबौर से कहलगाँव अंश के विस्तारीकरण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

पुल का निर्माण

*1557. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर )--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कोटवा प्रखंड के तिरहुत मुख्य नहर के 503 RD जसौली पट्टी स्व० अमर सिंह के घर के नजदीक आवागमन हेतु बनाए गए पुल क्षतिग्रस्त होने से आमलोगों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान के पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यो ?

तटबंध का निर्माण

*1558. प्रो० नागेन्द्र राउत (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड के मरहा नदी ग्राम मुजेलिया, परसा, शंकरपुर एवं अन्य ग्राम के बीच से होकर निकलती है। जिसमें गाद जमने के कारण जल बिखराव से हजारों एकड़ भूमि जल जमाव से प्रभावित रहती है जिससे कृषकों को परेशानी होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी का उड़ाही कर तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

पटना :
दिनांक 18 फरवरी, 2026 (ई०)।

बि०स०मु० 32 (एल०ए०), 2025 26 डी०टी०पी० -600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026